हरिभूमि
# रायपुर भूमि



- 23 सितंबर तक चलेगा गणेश विसर्जन का सिलसिला
- आधा दर्जन मार्गों पर भीड़ उमड़ने से हो सकती है ट्रैफिक की दिक्कत

# अनंत चर्तुदशी कल, बप्पा को देंगे विदाई, पूजा-पाठ के लिए विसर्जन स्थल पर 11 पंडितों की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में 17 सितंबर को अनंत चर्तुदशी मनाई जाएगी। इस मौके पर खारुन नदी के महादेवघाट स्थित विसर्जन स्थल पर गणपति बप्पा को मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सम्मानपूर्वक विदाई दी जाएगी। इसके लिए नगर निगम ने विसर्जन स्थल पर 11 पंडितों की व्यवस्था की है। प्रतिमा विसर्जन से पहले पूजन कराने की जिम्मेदारी संस्कृत महाविद्यालय के 10 पंडितों को सौंपी गई है। जोन-8 के जोन कमिश्नर एके हालदार पंडितों के साथ समन्वय रखेंगे। ▶▶शेष पेज 13 पर

## सदर से सत्ती बाजार चौक तक

कोतवाली से सदरबाजार, सत्तीबाजार होते हुए अमीनपारा चौक तक मार्ग पर विसर्जन के दौरान भीड़ ज्यादा रहेगी। राजधानी के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग परिवार के साथ हर साल गणेश झांकी देखने इस मार्ग पर पहुंचते हैं।

## 19 को निकलेंगी झांकियां

राजधानी में 19 सितंबर को बाजे-गाजे के साथ गणपति बप्पा के जयकारों के बीच आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। झांकी का प्रारंभ शारदा चौक से होगा, जहां उन्हें नंबर दिया जाएगा। शहर के आधा दर्जन रूट ऐसे हैं, जहां पर विसर्जन के लिए निकाली जाने वाली झांकियों के समय लोगों की भीड़भाड़ ज्यादा होने से दिक्कत हो सकती है।

## तात्यापारा चौक पर सबसे ज्यादा ट्रैफिक

शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक की सड़क पर गणेश विसर्जन की झांकियां निकलने के दौरान सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ती है। 500 मीटर के पेच का चौड़ीकरण अब तक नहीं हो पाया है। इसकी वजह से इस मार्ग पर सामान्य दिनों में रोज सुबह और शाम के समय राजधानीवासियों को ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ता है। ऐसे में विसर्जन के दौरान बाटलनेक इस सड़क पर श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, शारदा चौक से आजाद चौक के बीच 3 जगहों पर जाम लगता है। फूल चौक के नवीन मार्केट के पास भव्य गणेश पंडाल लगाया गया है। इस कारण वहां से गुजरने के दौरान अधिकतर गाड़ियां ठहरती हैं। एक गाड़ी के पीछे अन्य गाड़ियों की लाइन लगने से तात्यापारा चौक पर ट्रैफिक जाम हो जाता है। आजाद चौक के पास भी कमोबेश यही स्थिति बन सकती है।

## अमीनपारा, थाना चौक, पुरानी बस्ती

अमीनपारा, थाना चौक पुरानी बस्ती से लाखेनगर चौक तक आधा दर्जन से ज्यादा गणेश पंडाल मुख्य मार्ग पर तने हुए हैं। लिली चौक से लाखेनगर चौक तक व्यावसायिक इलाका होने से दुकानों के सामने गाड़ियों की पार्किंग और सामानों का डिस्प्ले सड़क पर किए जाने से सड़क संकरी हो गई है। टर्निंग पाइंट होने के कारण यहां अक्सर जाम लग जाता है। यही स्थिति कंकालीपारा रोड और अश्वनी नगर की भी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### सीएम साय मध्यप्रदेश और गुजरात प्रवास पर



रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उज्जैन और गांधीनगर के दो दिवसीय प्रवास पर हैं। रविवार को श्री साय दोपहर में उज्जैन पहुंचकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पिता स्व. पूनमचंद यादव के तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल हुए। वहां से शाम 5 बजे अहमदाबाद के लिए रवाना हुए। अहमदाबाद से गांधीनगर पहुंचे, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया। 16 सितंबर को सुबह 10 बजे वे ग्लोबल रेनवल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो के कार्यक्रम में भाग लेंगे। 16 सितंबर को शाम 5.30 बजे मुख्यमंत्री रायपुर लौटेंगे।

### चोरी के आरोप में पांच नाबालिग गिरफ्तार



रायपुर। पंडरी थाना क्षेत्र की कॉलोनी के एक सूने मकान में चोरी के आरोप में पुलिस ने पांच नाबालिगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी 52 हजार रुपए तथा सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं। तीर्थयात्रा पर गए चंदन कुमार झा के सूने मकान में चोरी करने के आरोप में नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से दो अपचारी पहले ही चोरी के मामले में माना संप्रेक्षण गृह में रखे गए हैं। नाबालिगों ने 1 से 8 सितंबर की दरमियानी रात चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

### कर्ज की रकम चुकाने बंद अकाउंट का चेक

रायपुर। सरस्वती नगर थाने में एक कारोबारी ने अपने मित्र के खिलाफ 30 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अभिषेक एम. नत्थानी ने आशीष अशोक चड्ढा के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि पांच वर्ष पूर्व वर्ष 2019 में कोरोनाकाल के समय आशीष अशोक ने अपनी कंपनी को नुकसान होने का झांसा देकर, दोस्ती का हवाला देकर 30 लाख रुपए लिए। पैसों के भुगतान के लिए आशीष अशोक पर अभिषेक ने बंद अकाउंट का चेक देने का आरोप लगाया है।

### सूने मकान में धावा एक लाख की चोरी

रायपुर। राजेंद्र नगर थाने में एक युवती ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी 70 हजार रुपए समेत एक लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बजाज कालोनी निवासी बबली शील ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। बबली ने पुलिस को बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ 12 सितंबर को माना गई थी। दूसरे दिन वापस आने पर उसने देखा कि अज्ञात चोर उसके घर के दरवाजे में लगी कुंडी तथा कमरे में रखी आलमारी का ताला तोड़ उसमें रखे जेवर तथा नकदी चोरी कर ले गया है।

## सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में किन्नरों के दो गुटों में विवाद

# पुलिसिया सख्ती की खुल रही पोल 36 घंटे में तीन इलाकों में चाकू चले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कथित पुलिसिया कड़ाई के बावजूद राजधानी में चाकूबाजों ने बाशिंदों की नींद उड़ा रखी है। 36 घंटे में यहां तीन जगह चाकू चले। बेखौफ बदमाशों ने खुलकर मारामारी की। शराबखोरी और नशे में वारदातें हो रही हैं। चाकूबाजी के केस तेलीबांधा, टिकरापारा तथा सरस्वती नगर में सामने आए हैं। तेलीबांधा थाना क्षेत्र में हुई चाकूबाजी की घटना का एक वीडियो भी सामने आया है।

हरिभूमि सरोकार

जानकारी के मुताबिक, वीआईपी रोड स्थित ऑन द रॉक्स डांस बार में चाकूबाजी की घटना हुई है। चाकूबाजी का कारण डांस फ्लोर पर नाच रहे युवकों का एक-दूसरे से टकराना बताया जा रहा है। घटना शनिवार रात 10 बजे की है। डांस फ्लोर पर एक-दूसरे से टकराने के विवाद पर युवकों के दो गुट आपस में भिड़ गए, तब मौके पर बीच-बचाव करने बाउंसर पहुंचे तो युवकों ने बाउंसरों के साथ भी विवाद तथा झूमाझटकी की। चाकूबाजी की घटना क्लब के बाहर होने की बात कही जा रही है।

### किन्नर के गले पर चाकू से हमला

इधर, सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में रविवार शाम गणेश पंडाल में डांस करने के विवाद पर किन्नरों के दो गुटों में चाकूबाजी की घटना सामने आई है। घटना के बाद पुलिस मामले की पड़ताल कर आरोपियों की पतासाजी करने की बात कह रही है। एएसपी सिटी पश्चिम दौलतराम पोर्ते के मुताबिक दो किन्नर गुटों में किसी बात को लेकर चाकूबाजी की घटना हुई है। अफसर के अनुसार घटना की पड़ताल की जा रही है। पवन तांडी और तारा को चाकू लगने की बात कही जा रही है, वहीं आरोपी का नाम सोनू बताया जा रहा है।





### शांति बनाए रखने पुलिस निकाल रही फ्लैग मार्च

राजधानी में दो दिनों में तीन चाकूबाजी की घटनाओं के बीच रविवार को एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने फ्लैग मार्च का आयोजन किया। गौरतलब है कि पुलिस जब फ्लैग मार्च निकाल रही थी, इसी दौरान सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना हो गई।

### दो दिन पूर्व गश्त करने निकले से पुलिस कप्तान

गणेशोत्सव के दौरान कानून व्यवस्था तथा पुलिस की मुस्तैदी जांचने दो दिन पूर्व ही एसएसपी संतोष सिंह स्वयं शहर के अलग-अलग गणेश पंडालों का निरीक्षण करने गश्त पर निकले थे। साथ ही गणेशोत्सव समिति से जुड़े लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस अफसरों तथा कर्मियों को निर्देशित किया था। बावजूद इसके चाकूबाजी की घटनाएं पुलिस के लिए चुनौती खड़ी कर रही हैं।

### शौच करने गए युवक पर ताबड़तोड़ हमला

एक अन्य मामले में टिकरापारा में प्रकाश साहू ने आकाश भारती तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रकाश ने पुलिस को बताया कि शनिवार को वह अपने दोस्त के साथ गणेशोत्सव का माहौल देखने निकला था। रात 2 बजे के करीब प्रकाश अपने दोस्त के साथ वापस लौट रहा था, इस दौरान प्रकाश देवपुरी स्थित एक तालाब के पास शौच करने के लिए गया। तब आकाश ने अपने अन्य साथियों के साथ प्रकाश से विवाद करते हुए उसके कूल्हे तथा पीठ पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस घटना में शामिल संदिग्ध नाबालिगों को पूछताछ के लिए थाने लाई है।

# एमएमआई कांड, लापरवाही तय करने अस्पताल प्रबंधन और पीड़ित परिवार आज होंगे आमने-सामने

- जांच टीम ने किया तलब, अगले तीन-चार दिनों में तैयार होगी रिपोर्ट, बड़ी कार्रवाई के आसार
- बिगड़े उपकरण और बगैर डॉक्टर के एयर एबुलेंस भी जांच के दायरे में, पायलट को भी बुलाया


जांच टीम ने एमएमआई से मांगे महिला की भर्ती से लेकर मृत्यु तक के सभी दस्तावेज

एमएमआई कांड, रेड एंबुलेंस का ड्राइवर, एयरक्राफ्ट का पायलट और टेक्निकल टीम तलब, अस्पताल भी घेरे में

पायलट ने किया दुर्व्यवहार

हड़बड़ी में था पायलट और टीम

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्वाइन फ्लू से पीड़ित महिला की एकाएक मौत के मामले में लापरवाही तय करने एमएमआई हास्पिटल प्रबंधन और पीड़ित परिवार आज आमने-सामने होंगे। राज्य शासन के निर्देश पर बनाई गई जांच कमेटी ने बिगड़े उपकरण और बगैर डॉक्टर वाली एयर एंबुलेंस को जांच के दायरे में रखा है, साथ ही पायलट को भी बुलावा भेजा है। कमेटी अगले तीन से चार दिनों में रिपोर्ट सौंप देगी, जिसके आधार पर बड़ी कार्रवाई की संभावना है।

टाटीबंध निवासी खेमानी परिवार ने भारती देवी खेमानी की मृत्यु के मामले में एमएमआई प्रबंधन और उसकी टाईअप संस्था रेड एंबुलेंस पर गंभीर आरोप लगाया है। उनके आरोपों को राज्य शासन ने गंभीरता से लिया है और मामले की सच्चाई का पता लगाने के लिए जांच टीम का गठन ▶▶शेष पेज 13 पर

### भारी बिल पर भी सवाल

स्वाइन फ्लू के मामले में इलाज के लिए शासन द्वारा गाइडलाइन जारी है। इस मामले में गाइडलाइन का कितना पालन किया गया और उपचार अवधि के दस दिन में आठ लाख के बिल वाला कौन-सा इलाज किया गया, इस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। रायपुर जिले में स्वाइन फ्लू के अब तक जो मामले सामने आए हैं, उसमें आधे से ज्यादा लोगों की पॉजिटिव रिपोर्ट इसी अस्पताल में जांच के दौरान सामने आई है, इस पर भी जांच की आवश्यकता है।

### रिपोर्ट का इंतजार

मामले की जांच के लिए गठित पांच सदस्यीय कमेटी अपना काम कर रही है। लगाए गए एक-एक आरोप के बारे में बारीकी से छानबीन करने कहा गया है। मामले में रिपोर्ट का इंतजार है, जिसे आवश्यक कार्यवाही के लिए शासन को प्रेषित किया जाएगा।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ

# त्योहारी सीजन में सोना 80 हजारी की राह पर चांदी पहुंची 90 हजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत ने इस साल ऐसी रफ्तार पकड़ी है, जैसी पहली कभी नहीं पकड़ी थी। त्योहारी सीजन में जहां सोना एक बार फिर से 80 हजारी होने की राह पर है, वहीं चांदी लखपति बनने की तैयारी में है। इस साल तो सोना जहां अब तक 9 माह से भी कम समय में 10 हजार रुपए तक महंगा हुआ है, वहीं चांदी के दाम 15 हजार तक बढ़े हैं। वैसे चांदी की कीमत इस साल 22 हजार तक बढ़ चुकी है, लेकिन कीमत एक बार कम होने के बाद अब वापस बढ़ने लगी है।

- बीते साल धनतेरस में 63 हजार था सोना, अभी 76 हजार के करीब

ऐसे में सोना और चांदी निवेश के लिए खरे साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि अपने प्रदेश में रोज सोने और चांदी में 25 करोड़ का निवेश हो रहा है। इसमें से 20 करोड़ का सोने और पांच करोड़ का चांदी में निवेश हो रहा है। बीते सालभर में सोने की कीमत से तो नए-नए रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। इस बार जितनी तेजी से इसकी कीमत में ▶▶शेष पेज 13 पर

### चांदी प्रति किलो एक लाख तक होने की संभावना

जहां तक चांदी का सवाल है तो चांदी की कीमत साल के प्रारंभ में 75 हजार रुपए किलो थी, जो इस समय 90 हजार पहुंच गई है। वैसे इसके पहले इसकी कीमत 97 हजार तक जा चुकी है। इसकी कीमत एक लाख जाने की संभावना पहले ही थी, लेकिन कीमत वापस कम होने लगी और बीते माह कीमत 82 हजार तक चली गई। अब वापस कीमत बढ़ते-बढ़ते 90 हजार तक पहुंच गई है। संभावना है कि इस बार दीपावली के पहले कीमत एक लाख तक जा सकती है।

### यूरोपीय बैंक के ब्याज कम होने का असर

रायपुर सराफा एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक, सोने और चांदी में लगातार तेजी का मुख्य कारण यूरोपीय सेंट्रल बैंक द्वारा अभी ब्याज दर 25 पैसे कम की गई है। आने वाले समय में अमेरिकी फेडरल बैंक द्वारा भी ब्याज दर की कम करने की संभावना है। साथ ही अमेरिका की महंगाई दर भी कम होकर अब नियंत्रित हो रही है, इसलिए सभी स्टॉकिस्ट एवं निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए सोने और चांदी में निवेश कर रहे हैं।

# सितंबर में बनते हैं औसत चार सिस्टम, दूसरा एक्टिव तीसरा हो रहा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सितंबर के महीने में औसतन तीन से चार सिस्टम बनते हैं, जो प्रदेश में अच्छी बारिश की वजह बनते हैं। पिछले सिस्टम ने यहां ताबड़तोड़ असर दिखाया था। एक्टिव हो चुके तीसरे सिस्टम का असर उत्तरी हिस्से में भारी वर्षा के रूप में होने की संभावना है। बारिश के सीजन का 15 दिन शेष है, मगर इससे पांच जिलों की पूरी भरपाई होना मुश्किल है। सिस्टम के प्रभाव से अगले 48 घंटे में सरगुजा और बिलासपुर संभाग में भारी बारिश होने की अनुमान है। इसका असर मध्यक्षेत्र यानी रायपुर और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम रूप में होगा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, राज्य में अब तक 1130 मिमी. बारिश हो चुकी है, जो औसत वर्षा से केवल डेढ़ सेमी. कम है। माना जा रहा है कि अगले 15 दिन में प्रदेश में वर्षा की वजह बनने वाला एक-दो सिस्टम और बन सकते हैं, जो सरगुजा, जशपुर, बिलाईगढ़-सारंगढ़, जशपुर, दुर्ग और बेमेतरा जिले के संकट को कम कर सकते हैं, मगर औसत वर्षा की पूरी भरपाई होने की संभावना अब मुश्किल नजर आ रही है।



## गणेशोत्सव समितियों ने निश्चित डेसीबल में डीजे बजाने अनुमति देने की मांग रखी

# डीजे पर असमंजस, अनुमति की मांग, संचालकों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य शासन के साथ हाईकोर्ट ने कमर्शियल वाहनों में डीजे, धुमाल बजाने पर रोक लगाने आदेश जारी किए हैं। शासन तथा हाईकोर्ट के आदेश के बाद डीजे संचालक असमंजस की स्थिति में हैं और आदेश के विरोध में ज्ञापन सौंपने के साथ रविवार को रैली निकालकर डीजे बजाने की अनुमति देने की मांग की। डीजे के लेकर जारी आदेश के बाद गणेशोत्सव समिति से जुड़े सदस्य असमंजस की स्थिति में हैं। गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर ज्यादातर समितियों ने अब तक डीजे बुक नहीं कराए हैं। साथ ही डीजे संचालक डीजे बुक करने को लेकर असमंजस में हैं।

- मुस्लिम समुदाय की अपील- ईद मिलादुन्नबी के जलसे में न डीजे बजाएं और न ही आतिशबाजी करें

डीजे को लेकर जारी विवाद के बीच शहर सीरत कमेटी ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकलने वाले जुलूस में डीजे न बजाने तथा आतिशबाजी नहीं करने एडवाइजरी जारी की है। इसके लिए कमेटी ▶▶शेष पेज 13 पर



### वाइब्रेटर पर रोक लगाने की मांग

बंजारी चौक तथा नयापारा गणेशोत्सव समिति से जुड़े प्रतीक साहू तथा आकाश गुप्ता ने प्रशासन से एक निश्चित डेसीबल तथा मानक डेसीबल में डीजे बजाने अनुमति प्रदान करने मांग की है। साथ ही प्रतीक ने डीजे में लगने वाले वाइब्रेटर, जिसकी वजह से दिल की धड़कनें बढ़ जाती हैं, उस पर पूरी तरह से रोक लगाने के साथ जब्ती करने की मांग की है।

### डीजे संचालक हड़ताल पर गए

डीजे संघ से जुड़े आशीष दुबे के मुताबिक, जिला तथा पुलिस प्रशासन हाईकोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देश में फेरबदल कर डीजे पर रोक लगाने की तैयारी कर रहा है। इसके चलते डीजे संचालक तथा उससे जुड़े लोग सड़क पर आ जाएंगे। डीजे संघ के मुताबिक, प्रशासन के रवैये के चलते सोमवार से डीजे संचालक हड़ताल पर जा रहे हैं। गणेश विसर्जन से लेकर अन्य आयोजनों में वे डीजे नहीं बजाएंगे।

### कार्रवाई का अधिकार कलेक्टर को

राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, डीजे तथा धुमाल बजाने गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर पुलिस डीजे, धुमाल तथा वाहन जब्त करेगी। उस पर कलेक्टर कार्रवाई करेंगे। इसमें जुर्माने से लेकर जब्ती करने तक का अधिकार कलेक्टर को होगा। पहली बार पकड़े जाने पर जुर्माने का प्रावधान है, दूसरी बार पकड़े जाने पर डीजे की जब्ती के साथ वाहन का परमिट रद्द करने तक का प्रावधान है।

# 30 के बाद फार्मेसी पंजीयन के लिए आवेदन सिर्फ ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आगामी 30 सितंबर के बाद राज्य फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन के लिए आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी। 12 सितंबर तक जिन्होंने रजिस्ट्रेशन के लिए ऑफलाइन फार्म जमा किए हैं, उनका निपटारा 30 सितंबर किया जाएगा। तकनीकी विवि की ओर से सभी आवेदकों को दस्तावेजों का सत्यापन तय अवधि तक कराने की सूचना जारी की गई है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सितंबर के पहले सप्ताह में पंजीयन प्रक्रिया ऑनलाइन करने की व्यवस्था का उद्घाटन किया था। फार्मेसी काउंसिल का कामकाज ऑनलाइन करने सिस्टम व्यवस्थित हो चुका है। 30 सितंबर के बाद अपना रजिस्ट्रेशन पाने के लिए फार्मासिस्ट को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस मामले ▶▶शेष पेज 13 पर



पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# ईद-ए-मिलाद-उन-नबी की मुबारकबाद!


A Taste of Perfection in Every Bite with Luxurious Elegance
Noorjaha Prime
DINING • BUFFET • ROOFTOP
LIVE BARBEQUE KITCHEN
Discover the new meaning of pleasure
Near Ciy Kotwali, Masjid Road, Baijnathpara, Raipur.
83700 09993
ईद-मिलाद-उन-नबी की तहेदिल से मुबारकबाद
: OUTLETS :
• Madarsa Road, Baijnathpara, Raipur. Mobile: 83700 09994
• Marine Drive, Mo: 83570 09997 • Netaji Chowk, Mo: 77460 09994


## हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) का आह्वान

विविधतापूर्ण और शाश्वत सन्देश:

हज़रत मुहम्मद (स.अ.व.) यदि अरब देश में पैदा हुए, लेकिन उन्होंने सिर्फ अरब क़ौम को ही अपने आह्वान का लक्ष्य नहीं बनाया, बल्कि हज़रत मुहम्मद (स.अ.व.) ने किसी रंग, नस्ल, भाषा और क्षेत्र के भेद-भाव के बिना संसार के सारे मनुष्यों को सम्बोधित किया। पैग़म्बर मुहम्मद (स.अ.व.) का आह्वान था:

"इंसानियत! अल्लाह की बन्दगी अपनाओ।

और यह आह्वान क़यामत तक पैदा होनेवाले सारे इंसानों के लिए है।

मानव-समता:

हज़रत मुहम्मद (स.अ.व.) ने कहा कि सारे इंसान हज़रत आदम (अलैहि.) की सन्तान हैं। दुनिया में विभिन्न क़बीलों, कौमों और नस्लों का विभाजन सिर्फ एक-दूसरे की पहचान के लिए है। किसी गोरे को काले पर, किसी अरब को किसी ग़ैर-अरब पर कोई श्रेष्ठता हासिल नहीं है। अल्लाह की नज़र में सब बराबर हैं। उनमें श्रेष्ठता अगर है, तो उनके चरित्र के आधार पर।

हज़रत मुहम्मद (स.अ.व.) के सन्देश के मुख्य बिन्दु ये हैं:

(1) ईश्वर को एक जानो और मानो:

लोगों! तुम्हारा ईश्वर बस एक ही है। वह समस्त दुनिया का एकमात्र सृजन, स्वामी, दूरदर्शी और कुशल शासक है। वही जीवन प्रदान करता है, फसलें उगाता है, धरती और आकाश की हर चीज़ पैदा करनेवाला और पालनहार है। वही जीवन देता है और वही मृत्यु। वही रोज़ी देनेवाला, वही रोगों को करतानेवाला, वही ग़रीबों की निगरानी करनेवाला और दुख-दर्द को दूर करनेवाला है। वही दुआओं को सुनता है और ज़रूरतमंदों की मदद करता है। सारी की सारी प्रशंसा उसी के लिए है।

(2) परस्पर प्रेम बढ़ाओ:

लोगों! यह दुनिया तुम्हारे लिए भोग-विलास की जगह है, न प्रतिफल की जगह है और न यातना का स्थान। यह संसार कुछ दिनों के लिए दिया गया है ताकि तुम इसे भली प्रकार समझकर अपनी अनिवार्य ज़िम्मेदारियाँ पूरी करो और अल्लाह की रज़ामंदी हासिल करो। याद रखो कि तुम अल्लाह की निगरानी में हो।

हज़रत मुहम्मद (स.अ.व.) ने दुनिया को सीधे और सच्चे रास्ते की तरफ़ बुलाया।

उन्होंने यह बताया कि ईश्वर की प्रसन्नता पाने के लिए संसार त्याग कर गुफाओं और जंगलों में मनस्याएँ, योगियाँ और रहबानिस्तानी तरह ज़िन्दगी गुजारने की ज़रूरत नहीं है।

**मुबीन खान** इस्लाम दर्शन केन्द्र, रायपुर (छ. ग.)


Wishing you and your family
Since 1983
Madrasi RESTAURANT
Malviya Road, Raipur. Ph : 9399021001
Madrasi's Grill Pack 'n' Pick Opp Marine Drive. Ph : 9399021002
Madrasi's Bites LIC Marg, Pandri Ph: 9399021003
Madrasi's HIGHWAY Nr Bhatagaon Signal, Ph:9399021004
Madrasi Fried Chicken Opp RKC, G.E.Road Ph:9399021005



ईद-मिलाद-उन-नबी की तहेदिल से मुबारकबाद
हेल्थ केयर एवं पाइल्स सेंटर
पिछले 10 वर्षों से सतत रूप से आपकी सेवा में 4000 से अधिक सर्जरी
उपलब्ध सुविधाएँ
• अत्याधुनिक लेज़र चिकित्सा
• सभी मलमार्ग के रोगों की दूरबीन द्वारा विशेष जांच
• क्षारसूत्र चिकित्सा
• डे-केयर चिकित्सा
• महिला चिकित्सा उपलब्ध
• दर्द रहित पूर्ण चिकित्सा
• वेरीकोज वेन की लेज़र चिकित्सा
• अत्यंत कम दर पर चिकित्सा
• इन्श्युरेन्स क्लेम उपलब्ध
मलद्वार सम्बंधित सभी बीमारियों का इलाज
डॉ एस.ए. वाहिद
MS AY (Gen Surgery) Certified Trained Laser Proctologist Minimal Invasive Proctologist Guiness Book Record Participant Life Member NSA
डॉ. नेहा
Ex Medical Officer Cosmetologist Trichologist Female Problem Expert
★ झंडा चौक, पंडरी (राजातालाब सब्जी मार्केट के पास), रायपुर
★ बालगोपाल हॉस्पिटल के सामने, बैरन बाज़ार, रायपुर
फ़ोन- 0771-4040808, मो.- 70007-18411



ALL MUSLIM WELFARE FOUNDATION
ख़ुदा की रहमत और बरकतें आपके साथ हमेशा रहें।
ईद-मिलाद-उन-नबी की तहेदिल से मुबारकबाद
हाजी वसीम अहमद
संरक्षक-ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन
बस्तर संभाग अध्यक्ष बस्तर संभाग मुस्लिम समाज



रसूल की आमद.. मरहबा मरहबा
जश्ने ईद मिलाद उन नबी मुबारक हो
Saईद
सईद प्रापर्टी डीलर
अब्दुल सईद खान
RERA - CGRERA180618A000240
बैजनाथ पारा, रायपुर
मोबाइल : 98930-50008, 98937-07860



हर बीज में दरख़्त बनने की सलाहियत है ( मौला अली र. अ.)
ईद मिलादुन्नबी की आप सभी को बेशुमार मुबारक !
ऑल मस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित
The Seeds Holistic Public School
Every Seed Has Potential To Become A Tree
Anjuman School Compound Near Shastri Market, Raipur (C.G.) 492001
0771-7968915, 91 6868 7070
theseedsschool2024@gmail.com



Amanat
Bakery, Always Fresh
Sweet Traditions, Wholesome Creations
ईद-मिलादु-उन-नबी की दिली मुबारकबाद
अल्लाह आपको ईद मिलाद उन नबी के मुक्कदस मौके पर तमाम खुशियां अता फरमाएं और आपकी इबादत कबूल करें।
हर खुशी के मौके पर.. बेकरी में एक ही नाम
अमानत बेकरी
Quality 100% Guaranteed
• पोस्टल कॉलोनी के सामने, पुराना धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर • पारस नगर (देवेन्द्र नगर) रायपुर
9329060307 9165341041
Special Pure Eggless Cake & Pastry



समस्त प्रदेशवासियों को
ईद मिलादुन्नबी
की तहे दिल से मुबारकबाद एवं
विश्वकर्मा जयंती
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
तालीम ज़िंदगी के लिए
ज़िंदगी वतन के लिए
सैय्यद रज़ा
पूर्व प्रदेश मंत्री
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा (छ.ग.)



आप सभी को
ईद मिलाद उन नबी
की दिली मुबारक़बाद
100% HALAL FOOD
मिन जानिब
अमीन चिकन मार्ट
चिकन लाने की चिन्ता को कहो अलविदा !
होम डिलीवरी के लिए आर्डर करें
+91 78692 30882
मो. अमज़द अली शेख मो. मोईन मो. अरमान अली मो. ज़ैद अली
अमीन ब्रायलर हाऊस
ब्रायलर, काकरेल, लेयर एवं अण्डे के थोक व चिल्हर विक्रेता
संजय नगर, रिंग रोड नं.-1, रायपुर. 78692-11141, 78692-11131

## खबर संक्षेप

### दर्शन बंदगी कार्यक्रम में कई प्रांतों के भक्त होंगे शामिल

**रायपुर।** भादो पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरु कबीर आश्रम प्रकाश कुंज कटोरा तालाब में 17 सितंबर को दर्शन बंदगी कार्यक्रम का आयोजन है। इस कार्यक्रम के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह में छत्तीसगढ़ के अलावा अनेक प्रांतों से भक्तजनों का आगमन हो रहा है। कार्यक्रम के व्यवस्थापक प्रशांत शर्मा ने बताया कि सुबह 8 बजे गुरु महिमा पाठ एवं पूणो महत्तम पाठ संत महंतों द्वारा किया जाएगा। इसे बाद आश्रम स्थित सद्गुरु कबीर मंदिर में वंशाचार्य साहब द्वारा पूजा-अर्चना की जाएगी। उसके बाद हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तों को दर्शन बंदगी देने के लिए वंशाचार्य साहब मंच पर विराजमान होंगे।

### मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास करेंगे सफाई

**रायपुर।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सोमवार को शहर की प्रमुख मस्जिदों, ईदगाहों के आसपास समुचित साफ-सफाई की जाएगी। साथ ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, पानी टैंकरों की व्यवस्था तथा स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से ईदगाहभाठा, मौदहापारा, छोटापारा, तात्यापारा, पंडरी ईरानी डेरा एवं अन्य इलाकों में स्थित मस्जिदों के आसपास विशेष साफ-सफाई करने के लिए कहा गया है।

## निधन

### तीरीथबाई परगनिहा



**रायपुर।** गुधेली, ग्राम कोहड़िया निवासी तीरीथबाई परगनिहा (85) का 15 सितंबर को निधन हो गया। वे वरिष्ठ पत्रकार परमानंद वर्मा की बड़ी बहन थीं।

### कृष्णा देवी अठवानी



**रायपुर।** मेट्रो हाइट तेलीबांधा निवासी कृष्णा देवी अठवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 सितंबर को राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अभय अठवानी की माता थीं।

# शूकर की संक्रामक बीमारी से निपटने देश की पहली वैक्सीन का ट्रायल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

भारत में शूकर-सुअर में होने वाली गंभीर संक्रामक बीमारी 'पोर्सिन री-प्रोडक्टिव एंड रेस्पिरेटरी सिंड्रोम', पीआरआरएस से बचाव के लिए वैक्सीन तैयार की गई है। देश की यह पहली वैक्सीन है, जिसका ट्रायल विभिन्न राज्यों में किया जा रहा है। इसी क्रम में इसका ट्रायल सरगुजा जिले के शासकीय शूकर पालन केंद्र सकालो में अलग-अलग आयु के 50 शूकरों पर किया जा रहा है। इस बीमारी को ब्लू इयर के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान भोपाल में वैक्सीन तैयार की गई है। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजू कुमार व डॉ. फतह सिंह द्वारा वैक्सीन का ट्रायल किया जा रहा है। वैक्सीन लगने के बाद शूकरों पर इसके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है। अभी तक शूकरों में स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं आई है।

## सरगुजा के बाद छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी होगा वैक्सीन का ट्रायल

### छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में ट्रायल

वैक्सीन बनाने के बाद लगातार ट्रायल किया जा रहा है। सरगुजा के बाद छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी इस वैक्सीन का ट्रायल किया जा सकता है। वैज्ञानिक के मुताबिक, 21 दिन बाद शूकरों को बूस्टर डोज लगाया जाएगा। देश के एक या दो अन्य केंद्रों के शूकरों में भी वैक्सीन का ट्रायल करने के बाद इसे उपयोग में लाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, बीमारी के लक्षण अत्यधिक तेज बुखार, भूख में कमी, आंखों से पानी बहना, सांस लेने में दिक्कत, गर्भपात, नाक से स्राव है। अभी तक इस बीमारी की वैक्सीन नहीं थी, लेकिन अब बनकर तैयार है। ट्रायल के बाद देश को वैक्सीन मिल जाएगी।



### निर्देशित किया गया

शासकीय शूकर पालन फार्म अंबिकापुर में 'पोर्सिन री-प्रोडक्टिव एंड रेस्पिरेटरी सिंड्रोम का वैक्सीन ट्रायल चल रहा है। फार्म को सभी एसओपी का पालन करने को निर्देशित किया गया है।

**- डॉ. प्रियंका शुक्ला,** संचालक, पशुधन विकास विभाग

### वैक्सीन लगा रहे

राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान भोपाल में विकसित वैक्सीन का पहला फील्ड ट्रायल सरगुजा में चल रहा है। संस्थान के वरिष्ठ विज्ञानी शूकरों में वैक्सीन लगा रहे हैं। वैक्सीन लगने के बाद शूकरों के स्वास्थ्य का अध्ययन किया जा रहा है।

**- डॉ. सीके मिश्रा,** प्रभारी, शासकीय शूकर पालन केंद्र

### देशभर में तेजी से फैल रही बीमारी

शूकरों की इस बीमारी को सबसे पहले 1987 में अमेरिका में देखा गया था। उसके बाद 1991 में नीदरलैंड में वायरस की पहचान हुई। यूरोपीय और अमेरिकी देशों के बाद यह बीमारी अब भारत में भी पहुंच चुकी है। यह बीमारी शूकर पालकों को बड़ी आर्थिक चोट पहुंचाती है। इसी कारण भारत देश में इसकी वैक्सीन तैयार की गई है।

## शिकायत के बाद भी बदल नहीं रहे खराब लाइट, जनता परेशान

# त्योहारी सीजन में शहर की सड़कों की बत्ती गुल, स्मार्ट पोल केवल शो पीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर की स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस का सिस्टम पूरी तरह गड़बड़ है। शहीद हेमू कालाणी वार्ड स्थित देवेंद्र नगर थाना चौक से राणा हास्पिटल, दुल्हन साड़ी सेंटर से महालक्ष्मी मार्केट मुख्य मार्ग पर रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा लगवाए गए दर्जनों स्मार्ट पोल की लाइटें महीनेभर से बंद पड़ी हैं। तीन बार इसकी शिकायत कपड़ा व्यापारियों ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से की। निदान 1100 में शिकायत दर्ज कराई, पर समस्या जस के तस है। इसी तरह आउटर के वार्ड कचना, आमासिवनी, बंजरपारा बस्ती, भवानी नगर इलाके की करीब 100 स्ट्रीट लाइट की रिपेयरिंग करने सालभर पहले ले गए, लेकिन आज तक लाइट वापस लाकर नहीं लगाई।

**निगम प्रशासन से लेकर अनुबंधित एजेंसी तक से लगा चुके गुहार**



### दूर करेंगे शिकायत

शहर के स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का काम अब तक अनुबंधित एजेंसी के जिम्मे था। अब नगर निगम अमला बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें बदलने, खंबे में आई खराबी दूर करेगा। इसके लिए टेंडर किया जाएगा। लोगों की शिकायत जल्द ही दूर करेंगे।

**- एजाज ढेबर,** महापौर

**केस 1**

### कचना, आमासिवनी बस्ती में अंधेरा

नगर निगम जोन-9 क्षेत्र स्थित मोतीलाल नेहरू वार्ड के गांव कचना और आमासिवनी बस्ती की स्ट्रीट लाइटें एक अरसे से बंद पड़ी हैं। इन बंद लाइटों को निगम वाले रिपेयरिंग करने के नाम पर सालभर पहले निकालकर ले गए, पर वापस लाइट आज तक नहीं लगाने आए। वार्ड पार्षद गोपेश साहू का कहना है, सांझ ढलते ही इन दोनों गांवों के रहवासियों को अंधेरे में रहना पड़ता है। गली में लाइट बंद होने से अंधेरा रहता है। यह स्थिति बंजरपारा बस्ती और भवानी नगर की भी है। इसकी शिकायत जोन-9 और निगम मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों से की है, पर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे।

**केस 2**

### कपड़ा मार्केट में स्ट्रीट लाइटें बंद

शहीद हेमू कालाणी वार्ड के पंडरी कपड़ा मार्केट के अंदरूनी हिस्से की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। दुल्हन साड़ी सेंटर पंडरी से महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट तक लाखों रुपये खर्च कर स्मार्ट सिटी द्वारा लगवाए गये स्मार्ट पोल शो-पीस बनकर रह गए हैं। इसी तरह देवेंद्र नगर मुक्तिधाम से देवेंद्र नगर थाना चौक तक अंधेरा छाया रहता है। पंडरी थोक कपड़ा मार्केट एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विधानी ने 3 बार इसकी शिकायत निगम के अधिकारियों से की, पर कोई देखने तक नहीं आया। शहर के मुख्य मार्केट की स्ट्रीट लाइटें बंद होने से लोग परिवार के साथ रात के समय मार्केट आने में हिचक रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अंधेरा होने से चेन स्नेचिंग की घटनाएं भी बढ़ी हैं।

**केस 3**

### बूढ़ातालाब का परिक्रमा पथ अंधेरे में

*नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा दो फेज में 27 करोड़ खर्च कर बूढ़ातालाब का सौंदर्यीकरण कराया गया। इस दौरान बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ पर नई स्टाइलिश लाइटें जगमग रोशनी के लिए लगाई गईं। इनमें से चांदनी चौक से ब्रह्मपुरी ढाल तक लगाए गए दर्जनभर से ज्यादा नए पोल की लाइटें महीनेभर से बंद पड़ी हैं। इस मार्ग का उपयोग आसपास के कालोनीवासियों समेत शहरवासी अक्सर करते हैं। इसके बाद भी संबंधित जोन व निगम मुख्यालय के अधिकारी बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें ठीक नहीं करा पाए।*

**केस 4**

### दावड़ा कॉलोनी, लालपुर, भैरवनगर में भी दिक्कत

रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड के लालपुर के मौसम विभाग के पास 4 स्ट्रीट पोल की लाइटें खराब हैं। भैरव सोसायटी से कृष्णानगर मार्ग पर लगाये गए स्ट्रीट पोल में लाइट ही नहीं है। इसी तरह दावड़ा कॉलोनी में स्ट्रीट लाइटें नहीं होने से लोग परेशान हैं। गायत्री मंदिर, कालीनगर से अपना चौक तक स्ट्रीट लाइट नहीं होने से इस क्षेत्र में अंधेरा छाया रहता है। पार्षद रवि ध्रुव ने बताया कि निगम के अधिकारी शिकायत के बाद भी नहीं सुन रहे।

# डेढ़ महीने में मकान नहीं देने पर दोगुनी रकम लौटाने का झांसा, 48 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाने में एक महिला ने एक व्यक्ति तथा उसकी कंपनी के खिलाफ मकान दिलाने का झांसा देकर 48 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने महिला को डेढ़ महीने के भीतर मकान नहीं दिलाने की स्थिति में दोगुनी रकम लौटाने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया था। पुलिस के मुताबिक, अनामिका वैष्णव ने ऐश्नी होम्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालक राकेश मंडल, उसकी पत्नी तथा अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अनामिका ने पुलिस को बताया कि राकेश का लालपुर में दफ्तर है। जहां उसने अपने परिचित के माध्यम से पिछले वर्ष राकेश से संपर्क किया था। राकेश ने अपनी कंपनी को आरडीए से अधिकृत बताकर अनामिका को कमल विहार में फ्लैट दिलाने का झांसा देकर उसके साथ एग्रिमेंट कर रकम ले ली। ठगी की आशंका होने पर अनामिका ने आरडीए में संपर्क करने पर राकेश द्वारा महज एक लाख रुपए जमा करने की जानकारी मिली। अनामिका के अनुसार, राकेश ने इसी तरह को झांसा देकर अर्चना गुप्ता से भी 15 लाख की ठगी की है।




■ मुंगेली निवासी महिला ने टिकरापारा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

### समझौते के लिए दबाव बनाने झूठी रिपोर्ट

अनामिका ने पुलिस को बताया कि राकेश की पत्नी सरिता ने कोर्ट में समझौता करने उनके खिलाफ थाने में झूठी शिकायत दर्ज कराई है। राकेश ने ठगी करने कूटरचित दस्तावेज तथा मकान की फोटो दिखाकर उन्हें अपने जाल में फंसाया।

## केंद्रीय इस्पात मंत्री से कांग्रेस के सवाल

# नगरनार के विनिवेशीकरण पर दें स्पष्टीकरण : बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी के दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री ने बस्तर समेत छत्तीसगढ़ की जनता से यह वादा किया था कि एनएमडीसी का नगरनार प्लांट निजी हाथों में नहीं बेचा जाएगा। वर्तमान में केंद्र सरकार के विनिवेशीकरण के वेबसाइट दीपम पर एनएमडीसी के नगरनार प्लांट को बेचने की प्रक्रिया तेजी से संपन्न की जा रही है। केंद्रीय इस्पात मंत्री को एनएमडीसी नगरनार प्लांट के विनिवेशीकरण के संदर्भ में भाजपा सरकार का स्टैंड स्पष्ट करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के फोकस में केवल अपने चंद पूंजीपति मित्रों का हित है।



भाजपा की सरकार में छत्तीसगढ़ की लगातार उपेक्षा की जा रही है। लोकसभा में छत्तीसगढ़ से भाजपा के 10 सांसद हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ की लगातार उपेक्षा होने के बाबजूद दलीय चाटुकारिता में भाजपा के सांसद मौन हैं। उन्होंने कहा, मध्यभारत में लौह अयस्क के उत्खनन का काम करने वाली अग्रणी नवरत्न कंपनी एनएमडीसी एक सरकारी उपक्रम है, जिसके 6 बड़े माइंस छत्तीसगढ़ में संचालित हैं।

### एनएमडीसी की गतिविधियों की हो जांच

*कोल की रॉयल्टी में पेनाल्टी के छत्तीसगढ़ का हिस्सा पिछले 7 साल से केंद्र के पास लंबित है। आयरनओर की रॉयल्टी में पहले प्रोडक्शन पर रॉयल्टी मिलती थी। अब केंद्र सरकार ने विक्रय पर रॉयल्टी देने की व्यवस्था बनाई है, जिससे छत्तीसगढ़ को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में एनएमडीसी को आवंटित खदानों में संचलित खनन गतिविधि, ग्रेडिंग की प्रक्रिया, विवरण, रिकॉर्ड, कुल मात्रा और गुणवत्ता, रॉयल्टी की गणना सहित तमाम अनियमितताओं पर पारदर्शिता से जांच कर तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए।*

# छत्तीसगढ़ में अब रजिस्ट्री से राजस्व वसूली का लक्ष्य चार हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने रजिस्ट्री से प्राप्त राजस्व लक्ष्य में 1500 करोड़ की वृद्धि करते हुए इसे चालू वित्तीय वर्ष 2024-24 के लिए 4 हजार करोड़ रुपए तय किया है। इससे पहले पिछले वित्तीय वर्ष में यह लक्ष्य 2500 करोड़ रुपए था। खास बात ये है कि इसी साल 1 अप्रैल से रजिस्ट्री दर पर पिछली सरकार द्वारा दी जा रही 30 प्रतिशत की छूट को समाप्त कर दिया गया है। इस हिसाब से देखें तो रजिस्ट्री से मिलने वाले राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि तय है। इसी आधार पर माना जा रहा है कि रजिस्ट्री से मिलने वाले राजस्व में हजार करोड़ की वृद्धि होनी तय है।

### सबसे बड़ा लक्ष्य रायपुर जिले का

राज्य के महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। राज्य के सभी जिलों के लिए राजस्व प्राप्ति का नया लक्ष्य तय किया गया है। इस हिसाब से सबसे अधिक लक्ष्य रायपुर जिले के लिए रखा गया है, यह 155 करोड़ रुपए से अधिक का है। इसके बाद के क्रम में बिलासपुर 470 करोड़, दुर्ग 560 करोड़, राजनांदगांव 170 करोड़, जांजगीर-चांपा 166 करोड़, रायगढ़ 169 करोड़, सरगुजा 69 करोड़, बलरामपुर 7 करोड़, सूरजपुर 2 करोड़, बस्तर 62 करोड़, कोरबा 70 करोड़, धमतरी 80 करोड़, बलौदाबाजार 122 करोड़, मुंगेली 60 करोड़, बेमेतरा 10.5 करोड़, बालोद, 70 करोड़, गरियाबंद 20 करोड़, महासमुंद 80 करोड़, कवर्धा 65 करोड़, जशपुर 18 करोड़, कोरिया 22 करोड़, कांकेर 29 करोड़, दंतेवाड़ा। इन 23 जिलों में नए जिले व संबद्ध राजस्व जिले भी शामिल हैं।

### कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक ने राजस्व प्राप्ति के नए लक्ष्य संबंधी आदेश में राज्य के सभी वरिष्ठ जिला पंजीयक, सभी जिला पंजायकों से कहा है कि वे दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर उप पंजीयक कार्यालयवार मासिक आय, लक्ष्य, राशि एवं प्रतिशत में निर्धारण कर भेजें।

# दिवंगत नेता येचुरी की स्मृति में शोकसभा, दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी की स्मृति में पार्टी की छत्तीसगढ़ राज्य समिति ने रायपुर प्रेस क्लब में रविवार को एक शोकसभा रखी। जहां राजनीति, जनसंगठनों व समाज के विविध क्षेत्रों से जुड़ी प्रमुख हस्तियों ने कहा कि कामरेड सीताराम येचुरी के निधन से वामपंथी, जनवादी आंदोलन के साथ ही देश ने एक बड़ा जननेता खो दिया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सीताराम येचुरी को उनकी पार्टी के साथ ही दूसरे तमाम राजनीतिक दलों द्वारा भी सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के लिए फासीवादी ताकतों के खिलाफ संघर्ष को आगे बढ़ाने सभी राजनीतिक पार्टियों को एकजुट करने में माकपा की ओर से प्रमुख भूमिका का निर्वाह किया था, वे सभी धाराओं के लोगों के मध्य सहज स्वीकार्य थे। शोकसभा को माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य धर्मराज महापात्र, माकपा जिला सचिव प्रदीप गभने, एमके नंदी, बी. सान्याल, आरडीपीसी राव, डॉ. राकेश गुप्ता, मिनहाज असद, एससी भट्टाचार्य, सुरेंद्र शर्मा, शकील साजिद एवं शिरीष नलगुंडवार, पूर्णचंद्र रथ, प्रदीप मिश्रा, प्रफुल्ल ठाकुर, प्रो. हिम्मत सिंह आदि ने संबोधित किया।



**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर छ.ग.**

**// ईशतहार //**

रा.प्र.क्र. 202408115500019/अ-27/ वर्ष 2023-24

सारागांव दिनांक 03/09/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खेमराज साहू पिता स्व. श्यामलाल साहू निवासी ग्राम दोन्देकला द्वारा खाता विभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम दोन्देकला प.ह.न. 85 रा.नि.म. रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नं. 196/6 रकबा 0.1210 हे. भूमि कामदेव साहू पिता आजूराम साहू, असमती साहू पति स्व. श्यामलाल साहू, संगीता साहू पिता स्व. श्यामलाल साहू, फनेन्द्र साहू पिता श्यामलाल साहू, खेमराज साहू पिता स्व. श्यामलाल साहू एवं केवल साहू पिता स्व. श्यामलाल साहू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि को दो पक्षो के मध्य खाता विभाजन का निवदेन किया गया है।

उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18/09/2024 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईशतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार,
उप तहसील सारागांव
जिला - रायपुर छ.ग.**

SAVE UN-LIMITED
UP TO 50 % LESS
प्रदेश का सर्वाधिक विश्वसनीय सेल जहाँ पर आप सुप्रसिद्ध मिलों की सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन आदि पर 50% तक छूट प्राप्त कर सकते हैं।
महेन्द्र कम्पनी • मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 4049406/7/8
DAD 4099504

## पेज 11 के शेष

### अनंत चर्तुदशी कल...

महादेवघाट के समीप बनाए गए विसर्जन कुंड में छोटी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन तीन दिन से चल रहा है। इसके लिए नगर निगम प्रशासन की ओर से सुबह की पाली में 3 और रात के पाली में 3 गोताखोरों की व्यवस्था स्थल पर की गई है। 19 से 23 सितंबर तक गणेश विसर्जन का सिलसिला चलता रहेगा। इस बार 100 से ज्यादा मनमोहन झांकियां अलग-अलग थीम पर राजधानीवासियों को देखने को मिलेंगी। वहीं 10 हजार से अधिक छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन अस्थायी व महादेवघाट के पास स्थित विसर्जन कुंड में विधि-विधान से किया जाएगा।

### एमएमआई कांड, लापरवाही...

किया है। टीम ने 10 दिन के इलाज के लिए आठ लाख का बिल थमाने वाले एमएमआई हास्पिटल प्रबंधन को मामले से संबंधित दस्तावेज के साथ पेश होने के निर्देश दिए हैं। वहीं पीड़ित परिवार को भी बुलावा भेजा है, ताकि उनके आरोपों की जांच हो सके और मामले में लापरवाही तय की जा सके। जांच टीम में शामिल सूत्रों के अनुसार, गंभीर आरोप एयरक्रॉफ्ट को लेकर हैं। इसमें बिगड़ी हुई ऑक्सीजन मशीन, डॉक्टर की अनुपस्थिति और हैदराबाद के बजाय रायपुर वापसी को भी जांच बिंदु में शामिल किया गया है। दावा किया जा रहा है कि अगले दो से तीन दिन में जांच पूरी कर ली जाएगी, रिपोर्ट सीएमएचओ के माध्यम से शासन को भेजी जाएगी। अब तक जो मामला सामने आया है और जो गंभीर आरोप लगाए गए हैं, उस आधार पर कड़ी कार्रवाई होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### डीजे पर असमंजस...

ने अपने फ्लैक्स में भी डीजे के साथ आतिशबाजी नहीं करने की अपील की है। दूसरी तरफ गणेशोत्सव समितियों से जुड़े लोगों ने गणेश विसर्जन झांकी के दौरान एक निश्चित डेसीबल में डीजे बजाने अनुमति देने की मांग की है।

**उल्लंघन किया तो होगी कार्रवाई:** रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह तथा एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक, गणेश विसर्जन या किसी अन्य आयोजन में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार डीजे तथा धुमाल बजाने की अनुमति दी जाएगी। गाइडलाइन के विपरीत डीजे बजाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### त्योहारी सीजन में सोना...

इजाफा हो रहा है, उतनी तेजी से कभी नहीं होता था। करीब पौने दो साल में सोने की कीमत 26 हजार रुपए बढ़ी है। 50 हजार वाला सोना 75 हजार के पार हो गया है, यानी कीमत में 50 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस साल की ही बात करें तो इस साल जनवरी में सोने की कीमत 65300 रुपए थी, जो इस समय 75650 हो गई है। वैसे इसके पहले सोना दो बार 76 हजार के पार जाकर 77 हजार के करीब पहुंचा है, लेकिन यह 77 हजार तक कभी नहीं गया, लेकिन अब संभावना जताई जा रही है कि इस बार धनतेरस और दीपावली से सोना 80 हजारी हो सकता है। बीते साल धनतेरस के दौरान इसकी कीमत 63 हजार थी।

### 30 के बाद फार्मेसी...

में स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि द्वारा फार्मेसी उत्तीर्ण करने के बाद 12 सितंबर तक पंजीयन के लिए फार्म जमा करने वालों को 30 सितंबर तक अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराने निर्देशित किया गया है। विवि ने कहा है कि ऐसा नहीं करने वाले छात्रों को इस अवधि के बाद पंजीयन पाने के लिए पुनः अपना ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

**हर साल तीन हजार फार्मासिस्ट:** राज्य में वर्तमान में 30 हजार से अधिक फार्मासिस्ट फार्मेसी काउंसिल के सदस्य हैं। इनमें से कई शासकीय सेवा में कार्यरत हैं तो बड़ी संख्या में लोग दवा दुकानों का संचालन करते हैं। राज्य में हर साल तीन हजार फार्मासिस्ट तैयार होते हैं। अब तक उन्हें रजिस्ट्रेशन अथवा उसके पंजीयन के लिए राजधानी में स्थित फार्मेसी दफ्तर के कई बार चक्कर लगाने पड़ते थे। फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर ने बताया कि यह प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बाद फार्मासिस्ट एक बार दस्तावेजों के सत्यापन के लिए कार्यालय आएंगे और बाकी प्रक्रिया ऑनलाइन तरीके से पूरी हो जाएगी।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130




## अस्पताल सील, राजधानी में डील...

इलाज में लापरवाही की वजह से मौत के बाद गरियाबंद जिले में सील अस्पताल का ताला खुलवाने के लिए राजधानी में बड़ी डील की चर्चा जोरों पर है। गरियाबंद स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों द्वारा ऑफर दिया गया है कि उनके सराफा का बिल अगर अस्पताल प्रबंधन भुगतान करता है तो अस्पताल पुनः खुल जाएगा। विभागीय सूत्रों का कहना है कि गरियाबंद की टीम वहां होने वाली किसी भी परेशानी का हल राजधानी के होटल अथवा अन्य सार्वजनिक स्थानों में बैठकर निकालती है। अस्पताल का मसला भी इससे जुड़ा हुआ है। सराफा का बिल काफी भारी है, इसलिए डील अधूरी है।

## प्राइवेट हास्पिटल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन

छत्तीसगढ़ में जिस तरह प्राइवेट हास्पिटल के कारनामे सामने आ रहे हैं उससे लगता है कि यहां भी इंडिपेंडेंट जांच एजेंसी की जरूरत है। एक ऐसा ब्यूरो जो जांच करे और दोषी अस्पताल वालों को दंड भी दिलाए। उसका नाम प्राइवेट हास्पिटल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टीगेशन हो सकता है। यानी पीएचबीआई।एमएमआई कांड की जांच चल रही है। चौदह लाख खर्च कराने के बाद भी महिला की जान चली गई। वैसे ही नए मामले का खुलासा होने वाला है। एक और महिला के साथ वैसा ही हुआ। 19 लाख रुपए खर्च कराने के बाद भी महिला की जान चली गई। इन धनपशुओं पर लगाम के लिए एजेंसी की जरूरत है।

## अपनी बला दूसरों के सिर ...

हमारे यहां सड़कों पर मवेशियों के बैठने या इकट्ठे खड़े रहने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रदेश की सबसे बड़ी अदालत ने संज्ञान लेते हुए राज्य के सबसे बड़े अधिकारी को निर्देश भेजा कि सड़क पर मवेशी से होने वाले हादसे रोकें और अगर हादसे होते हैं तो इसके लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय हो। अधिकारियों ने बैठकर इस आदेश पर अमल की रणनीति बनाई। उन्होंने केवल एक आदेश निकाला कि टोल नाकों के आसपास सड़क पर जो मवेशी बैठते हैं, उन्हें हटाने कि जिम्मेदारी अब से टोल नाका संचालन करने वालों की होगी। हो गया समाधान, जिम्मेदारी भी तय। इसे कहते हैं, अपनी बला दूसरों के सिर डालना।

## तबादला नीति न होने का फायदा ...



सरकार कोरोनाकाल में थी, उसने कोरोना के समय तबादलों पर लगे प्रतिबंध को नहीं हटाया, न ही नई तबादला नीति बनाई, लेकिन यह नीति अब भी लागू है। छोटे कर्मचारियों के तबादले नहीं हो रहे हैं, क्योंकि नीति ही नहीं बनी है। फिर भी बड़ी संख्या में आए दिन तबादले हो रहे हैं। मजे की बात है कि तबादला आदेश जारी होने के बाद अगले दो-चार दिनों में उसमें संशोधन यानी बदलाव के आदेश भी निकल रहे हैं। अब ये समझने वाली बात है कि तबादला निरस्त करने से किसे फायदा हो रहा है और तबादला नीति न होने का लाभ कौन उठा रहा है?

## हर तरफ लूट

गजब का दौर चल रहा है। जिसे जैसे मौका मिल रहा है आम आदमी की जेब खाली करने में लगा हुआ है। किराना सामान से लेकर सब्जी, गैस, पेट्रोल सबकी कीमत में तो आग लगी हुई है। थोड़ी-सी राहत खाद्य तेलों में थी, उसमें भी दीपावली से पहले आयात शुल्क बढ़ाकर आग लगाने का काम किया गया है। आम आदमी जब बाजार जाता है और सामान की कीमत देखता है तथा अपनी जेब टटोलता है तब उसे मालूम पड़ता है कि जीने लायक तो उसके पास पैसे भी नहीं हैं। सड़क पर गाड़ी निकालता है तो टोल में पैसे कट जाते हैं। शहर में चलता है तो आजकल पुलिस वाले चालान बुक लेकर खड़े हैं। आम आदमी करे तो क्या करे।

## थोड़ी-थोड़ी पिया करो...

पंकज उदास की मशहूर गजल है, हुई महंगी बहुत ही शराब के, थोड़ी-थोड़ी पिया करो.... यह गजल अपने राज्य पर इस समय पूरी तरह फिट बैठ रही है। शराब की कीमत में हर साल बढ़ोतरी कोई नई बात नहीं, लेकिन महज छह माह में ही दो बार कीमत बढ़ाना...। खबरी बता रहा था, दारू के शौकीनों को छह माह में दो बार महंगाई का बड़ा झटका लगा है। दूसरी बार में तो कीमत इतनी ज्यादा बढ़ा दी गई है कि मदिराप्रेमी परेशान हो गए हैं। कई ब्रांड में 50 फीसदी तक कीमत बढ़ी है। देश में सबसे महंगी दारू अपने राज्य में ही बिक रही है। इतना सब होने के बावजूद एक सितम ये भी है कि नामी ब्रांड पूरी तरह से गायब हैं। ऐसे-ऐसे ब्रांड मिल रहे हैं, जिनका नाम तक कोई नहीं जानता।

## विदाई बैठक ..

आमतौर पर किसी कर्मचारी, अधिकारी के रिटायर होने पर उसके सम्मान में फूलमाला पहनाने और शॉल-श्रीफल देकर विदाई देने बैठक होती है, पर कॉर्पोरेशन में हर काम उलटा होने की परिपाटी रही है, इसलिए इलेक्शन से पहले आनन-फानन में विदाई बैठक हो गई। आधे दर्जन मेंबर छटपटाते रह गए, पता होता तो वे भी आ जाते। खबरीलाल को पता चला कि नेताजी फॉरेन ट्रिप के बाद से आंय-बांय-सांय कर रहे हैं। सो 34 पेज का लंबा-चौड़ा एजेंडा ला पटका। किसी को कानों-कान खबर नहीं, एक दिन पहले ही एजेंडा बंट जाता तो कुछ पढ़कर आते। यहां तो मीटिंग में ही सबकुछ हो गया। सो मेंबर फुसफुसाते रहे कि इलेक्शन से पहले आखिरी और विदाई बैठक बुलाई ही क्यों?

## अंगद के पांव ...



सरकारी विभागों में अब भी कई 'अंगद' यदा-कदा मिल ही जाते हैं। कॉर्पोरेशन के बड़का नेताजी ने अपने खास को पहले आउटर के जोन में अभयदान देकर गद्दी पर बिठा दिया। मंशा ये थी कि उलट-पुलट वाले सारे काम फटाफट हो जाएं। ऐसा हुआ भी, जब तक नेताजी की कुर्सी रही, साहब एकछत्र राज करते रहे। जब अपोजिशन की सरकार बनी तो साहब उनकी ओर पलटी मार लिए। विरोधी भुनभुनाते रहे, रिटायर्ड पर्सन को संविदा के नाम पर एक बार, दो बार, और कितनी बार झेलना पड़ेगा? जवाब मिला- ये अंगद के पांव हैं, हिलेंगे नहीं।

## एक और प्वाइंट है साहब...

स्कूलों को मान्यता देने-दिलाने की प्रक्रिया इन दिनों चल रही है। इसमें कई सारे प्वाइंट होते हैं, लेकिन ऐसे प्वाइंट ऐसे भी हैं जिनका जिक्र नियमावली में नहीं है। अरे... नियम पूरे होने के बाद पैसा भी तो देना होता है साहब। इस बार रेट थोड़ा बढ़ा दिया गया है। कई छोटे स्कूलों को इसके कारण दिक्कतें भी हो रही हैं। वैसे सुनने में आया है कि जिला शिक्षा कार्यालय में बड़े बदलाव शीघ्र ही होने वाले हैं। इन हालातों में कीमतें बढ़ाना सही भी है। मतलब जाते-जाते खाने-पीने का बंदोबस्त तो हो जाए। अब हर बात पर हंगामा करना भी तो ठीक नहीं।

## बच्चे भेज दीजिए ना...

कॉलेजों में इन दिनों बच्चे पकड़ने का ट्रेंड चल रहा है। अरे, जैसा आप समझ रहे हैं वैसा नहीं है। कई कॉलेज में बच्चे नहीं मिल रहे हैं। आउटर के इन महाविद्यालयों को चुनावी साल में माननीयों ने जोर देकर खुलवाया था। अब हालत खराब है। इनके लिए तारीखें भी बढ़ीं, लेकिन कोई फायदा हुआ नहीं। अब राजधानी के टॉप कॉलेजों से संपर्क कर बच्चे मांग रहे हैं। शीर्ष महाविद्यालयों में सीटें भर गई हैं। उनसे अनुरोध किया गया कि प्रवेश के लिए आने वाले छात्रों से आउटर स्थित महाविद्यालयों की तारीफें कर दी जाएं, ताकि कुछ सीटें भर जाएं। बताइए अब... कैसे-कैसे दिन देखने पड़ रहे हैं।

## रायपुर ऐसा तो न था

याद कीजिए दस-पंद्रह साल पुराने रायपुर को। एकदम शांत। लड़ाई झगड़े होते थे, लेकिन व्यक्तिगत मसलों पर। गुंडे तब भी थे लेकिन पुलिस का खौफ भी था। पुलिस जब चाहती थी गर्दन मरोड़ देती थी। कभी-कभार ऐसा होता था कि शहर अशांत महसूस होता था। लेकिन अब...। हद हो गई है। चाकू तो ऐसे चलने लगे हैं कि कोई भी कभी भी किसी को घोंप दे रहा है। छत्तीसगढ़ ही नहीं, छत्तीसगढ़ के बाहर के लोग कहने लगे हैं कि रायपुर पहले जैसा नहीं रहा। किसे दोष दें? पुलिस दबाव बढ़ने पर हिस्ट्रीशीटरों को धमका देती है और कुछ नहीं करती। हिस्ट्रीशीटरों का यह हाल है कि रोज नए पैदा हो रहे हैं। वैसे समाज को भी मंथन करना चाहिए। जब सब अपना-अपना देखेंगे तो ऐसा ही माहौल बनेगा। उसी माहौल में जीना भी पड़ेगा।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा।

# डॉक्टरों को राहत, चौबीस घंटे ड्यूटी पर रहे तो दूसरे दिन मिलेगी छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

लगातार ड्यूटी की वजह से होने वाली मानसिक और शारीरिक परेशानी से जूझने वाले जूनियर डॉक्टरों को राहत देने की पहल की गई है। आंबेडकर अस्पताल के सर्जरी विभाग में काम करने वाले जूनियर डॉक्टर चौबीस घंटे की ड्यूटी करने के बाद दूसरे दिन अवकाश का लाभ ले पाएंगे। नई व्यवस्था के तहत विभागीय स्तर पर, रोस्टर की नई व्यवस्था लागू की गई है। इसे सभी विभागों और अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी लागू किए जाने की मांग चिकित्सा छात्र संगठनों द्वारा की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, अक्सर यह बात सामने आती थी कि मेडिकल कॉलेजों में काम करने वाले पीजी रेसीडेंट डॉक्टरों को लगातार 24 से 48 घंटे तक ड्यूटी करनी पड़ती है। इसकी वजह से उनके अध्ययन के साथ शारीरिक और मानसिक अवस्था पर भी विपरीत असर पड़ता है। चिकित्सा छात्र संगठनों द्वारा काफी समय से जूनियर डॉक्टरों को ड्यूटी में राहत देने की मांग की जा रही थी। इसके लिए कई जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर ऐसी व्यवस्था बनाने की मांग की जा रही थी। इसी बीच आंबेडकर अस्पताल के जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष ने इस पर पहल करते हुए जूनियर डॉक्टरों के लिए ड्यूटी रोस्टर जारी किया है।

इस व्यवस्था के तहत किसी भी डॉक्टर को 24 घंटे से ज्यादा ड्यूटी नहीं करनी होगी। पहले दिन काम करने वाले डॉक्टर की दूसरे दिन ड्यूटी नहीं लगाई जा रही है, जिससे उसे अपना अन्य काम करने का मौका मिलेगा। विभाग की ओर से पहले चरण में एक माह का ड्यूटी रोस्टर जारी किया गया है, जिसमें तीनों बैच के अलग-अलग यूनिट में कार्यरत जूनियर डॉक्टरों की रोस्टर आधार पर अलग-अलग ड्यूटी और अलग-अलग दिन छुट्टी दिए जाने की व्यवस्था की गई है।

### जूनियर डॉक्टरों को मानसिक और शारीरिक राहत देने विभाग की पहल

#### योजना कारगर हुई तो अन्य विभाग में भी करेंगे लागू

सूत्रों के मुताबिक, सर्जरी विभाग द्वारा लागू की गई रोस्टर व्यवस्था की जानकारी अस्पताल और कॉलेज प्रबंधन को दी गई है। अस्पताल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि रोस्टर व्यवस्था अगर कारगर होती है और उसका सकारात्मक असर कामकाज में नजर आता है तो इसे अन्य विभाग द्वारा अपनाने पर भी जोर दिया जाएगा।



#### रोस्टर के आधार पर व्यवस्था

जनरल सर्जरी विभाग द्वारा ड्यूटी रोस्टर की व्यवस्था बनाई गई है। इसका प्रभाव अगर सकारात्मक होता है तो अन्य विभागों को भी इससे अपनाने कहा जाएगा।
- **डॉ. एसबीएस नेताम**, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

#### यूडीएफए ने बताई बड़ी उपलब्धि

इस नई व्यवस्था को यूनाइटेड डॉक्टर फ्रंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बड़ी उपलब्धि बताया है। अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी ने कहा कि यह सिस्टम हर विभाग और प्रत्येक कॉलेज में लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में मंत्री, सांसद और विधायकों से अलग-अलग प्रतिनिधियों ने मुलाकात की थी।

## दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे कांग्रेस प्रदेश प्रभारी

# पायलट का आरोप- प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप, घोषणापत्र के वादे तक पूरे नहीं हो रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट का कहना है, छत्तीसगढ़ सरकार हर मोर्चे पर असफल साबित हो रही है। सरकार के पदाधिकारी खुद मुखर होकर बोल रहे हैं। जो घोषणापत्र मे वादे किए थे, वे भी पूरे नहीं हो पा रहे हैं। डबल इंजन की सरकार से लोग परेशान हैं, खासकर किसान। कानून व्यवस्था की हालत भी खराब है।

श्री पायलट ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, जो मामले सामने आ रहे हैं, सरकार का उन पर काबू नहीं है। सरकार की लॉ एंड ऑर्डर पर पकड़ नहीं है। दिल्ली से जो आदेश आते हैं, उनका पालन होता है। गोलियां चल रही हैं, चोरियां हो रही हैं, लूटपाट हो रही है, हर क्षेत्र में सरकार को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने कहा, सरकार की प्राथमिकता कांग्रेस के नेताओं को टार्गेट करना, एजेंसियों का गलत उपयोग करना और चरित्र हनन करना है। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह तैयार है। केंद्र सरकार ने पिछले कई सालों से अपने पद का दुरुपयोग किया है। सरकार जनकल्याण के लिए बनाई थी, विकास करने के लिए बनाई थी, लेकिन इनका काम हमेशा विरोधियों को टार्गेट करना, संविधान की धज्जियां उड़ाना ही रह गया है।

### एमपी, सीजी और राजस्थान के सारे निर्णय दिल्ली से हो रहे

भाजपा के सदस्यता अभियान पर उन्होंने कहा, दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बताकर लोगों को भ्रमित करने में लगे हैं उनके नेता। जिन्होंने 400 पार का नारा दिया, वे मिस कॉल से मेंबर बना रहे हैं। जुमलेबाजी, नारेबाजी से लोगों को प्रभावित करने का काम बंद करें। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के पास कोई



अधिकार नहीं हैं, सारे निर्णय दिल्ली से होते हैं। केंद्र के आम बजट में छत्तीसगढ़ और राजस्थान को कुछ नहीं मिला।

### एनएसयूआई कार्यकर्ता गुंडे... पोस्टर पर बिफरे बैज



भाजपा के पोस्टर वार में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को गुंडा बताए जाने पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने हमला किया है। उन्होंने कहा, यदि हिम्मत है तो गिरफ्तार करके दिखाएं, साहस है तो बंद करके देखें। उन्होंने कहा, भाजपा के नेता जरा ये भी बता दें कि एनएसयूआई के कार्यकर्ता गुंडे हैं तो होटल में कौन गुंडागर्दी कर रहा था? कौन पुलिस को चुनौती दे रहा था? अपनी नाकामी छिपाने के लिए कांग्रेस पर आरोप लगाना किसी से सीखना हो तो भाजपा से सीखें।

### बैकफुट पर बीजेपी

प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर गए, वहां जाकर विपक्ष-इंडिया एलायंस पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा, संविधान से छेड़छाड़ की बात बीजेपी नेताओं ने की थी, जो चुनाव में बड़ा मुद्दा बन गया था। जनता समझ चुकी है, बीजेपी बैकफुट पर है। राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद विपक्ष एजेंडा तय कर रहा है, हर मोर्चे पर सरकार को अपना निर्णय वापस लेना पड़ रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे पर सचिन पायलट ने कहा, उनके दल का, उनका निर्णय है। लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता का होता है। कांग्रेस पार्टी हमेशा हर चुनौती के लिए तैयार है। अभी दो राज्यों में चुनाव होना है, दोनों राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ गठबंधन जीतकर आएगा।

# साय के राज में सुशासन का युग, पायलट कांग्रेस के राज्यों को देखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पायलट के बयान पर भाजपा महामंत्री की तीखी प्रतिक्रिया

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था की स्थिति में निरंतर सुधार आया है और सुशासन का युग प्रारंभ हुआ है। आने वाले समय में प्रदेश की भाजपा सरकार सच्चे अर्थों में शांति, सुरक्षा और सम्मान के साथ जीवन जीने का पूरा अवसर मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री रोहरा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ अनर्गल प्रलाप करने से पहले पायलट को उन राज्यों पर नजर दौड़ानी चाहिए, जहां कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन की सरकारें हैं और वहां के बुरे हालात पर उनकी जुबान तालू से चिपकी पड़ी है। श्री रोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के राज में कानून-व्यवस्था का रोज जिस तरह चीरहरण हो रहा था, प्रदेश की मासूम-अबोध बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाओं तक की अस्मत वहशी दरिंदे रोज रौंद रहे थे, हत्या, सामूहिक हत्या, मारपीट, चाकूबाजी, अपहरण, प्रदेश की बहन-बेटियों की तस्करी जैसे अपराध घट रहे थे, लेकिन कांग्रेस के प्रदेश से लेकर केंद्रीय नेताओं ने अपने मुंह में दही जमा रखा था और अब सत्ता छिन जाने के बाद कांग्रेसियों को प्रदेश की कानून-व्यवस्था का होश आया है।

# भाजपा ने तय किया लक्ष्य, प्रदेश में बनाएंगे एक लाख सक्रिय सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कहा है, भाजपा सदस्यता अभियान में प्रत्येक मंडल में 200 से अधिक सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। प्रदेशभर में एक लाख सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे और आने वाले समय में पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय सदस्यों को ही दायित्व दिए जाएंगे।

दो दिनों के दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे श्री नवीन ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रविवार को सदस्यता अभियान को लेकर दो बैठकें की। इस दौरान श्री नवीन ने कहा, निर्धारित अवधि में सदस्यता का लक्ष्य अर्जित करने, ज्यादा-से-ज्यादा प्रदेशवासियों को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने, गली-गली, घर-घर पहुंचकर भाजपा के सदस्यता अभियान को सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी बनाने के लिए इस अभियान को और तीव्र गति प्रदान के लिए कार्यकर्ता पूरे मनोयाग से जुट जाएं। श्री नवीन ने पहले सदस्यता अभियान की प्रदेश टोली की बैठक ली। इसमें प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, भरतलाल वर्मा, रामजी भारती, सांसद रूपकुमारी चौधरी, संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम और अजा मोर्चा के प्रदेश



अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय सहित पदाधिकारी सम्मिलित हुए। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी को बताया गया कि अब तक प्रदेश में भाजपा की सदस्यता 10 लाख से अधिक हो चुकी है।

### बूथ पर करें फोकस

इस बैठक के बाद श्री नवीन ने सभी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, सभी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व सह संयोजकों के साथ बैठक कर सदस्यता अभियान की समीक्षा भी की। बैठक में श्री नवीन सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र के बूथों पर फोकस करने कहा। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। महिला मोर्चा की जिम्मेदारी है कि महिलाओं को ज्यादा-से-ज्यादा सदस्य बनाना है, इसी प्रकार आर्थिक प्रकोष्ठ है तो अर्थव्यवस्था से जुड़े हुए लोगों को सदस्य बनाना है। इस तरह सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में ज्यादा-से-ज्यादा सदस्य बनाना है। इस बैठक में एनजीओ प्रकोष्ठ से सुरेंद्र पाटनी, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदीप सिंह, आर्थिक प्रकोष्ठ के राजेश अग्रवाल, आरटीआई प्रकोष्ठ के विजय मिश्रा, बुनकर प्रकोष्ठ के पुरुषोत्तम देवांगन, मछुआरा प्रकोष्ठ के नेहरू निषाद, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राजेश अवस्थी, महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी राजपूत, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष विकास मरकाम, किसान मोर्चा, शिक्षा प्रकोष्ठ के बिसेसर पटेल, सहकारिता प्रकोष्ठ के शशिकांत द्विवेदी और पंचायत प्रकोष्ठ से रामकुमार भट्ट आदि उपस्थित थे।





# चार जिलों में तस्करों से जब्त गांजा प्लांट की भट्ठी में जलाया

**रायपुर।** गांजा तस्करों द्वारा सड़क मार्ग से जहां जमकर तस्करी की जाती है, जिसे पुलिस द्वारा जब्त किया जाता है। कई सालों से जब्त ऐसे मादक पदार्थों को जलाने के लिए रविवार को अलग-अलग जिलों से रायपुर लाया गया। इसे आईजी व एसएसपी की मौजूदगी में रायपुर के पॉवर प्लांट की भट्ठी में झोंक दिया गया। नष्टीकरण की प्रक्रिया कई घंटे तक चली।

रायपुर रेंज के चार जिलों में मादक पदार्थों को जब्त करने की कार्रवाई समय-समय पर पुलिस अमले द्वारा की जाती है। इसके बढ़ते ढेर को राजधानी स्थित पॉवर प्लांट लाया गया। जहां महासमुंद, बलौदाबाजार, गरियाबंद और धमतरी जिले में जब्त किए गए गांजे को रायपुर लाने के बाद पहले तौला गया। कानूनी प्रक्रिया के बाद गवाहों और रायपुर आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी संतोष सिंह की मौजूदगी में इसे नष्ट किया गया। इसमें महासमुंद जिले से 22631 किलो, बलौदाबाजार के 224 किलो, धमतरी से 328 किलोग्राम गांजा शामिल था। गरियाबंद में जब्त किया गया 309 किलो गांजा भी अधिकारियों की मौजूदगी में आग के हवाले किया गया। इससे पहले रायपुर पुलिस द्वारा जब्त मादक पदार्थ आग के हवाले किए गए थे।

# आंदोलन का चौथा चरण, 27 सितंबर को हड़ताल पर रहेंगे कर्मचारी-अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीए समेत 9 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन अपने चौथे चरण के आंदोलन में 27 सितंबर को व्यापक स्तर पर विरोध-प्रदर्शन करने की तैयारी में है। इस दिन राज्य के लाखों कर्मचारी-अधिकारी सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर रहेंगे। प्रदेश के सभी जिलों, ब्लॉक और तहसील मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद की जाएगी।

दरअसल 110 से अधिक संगठनों वाले कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की शनिवार को बैठक हुई, जिसमें संयोजक कमल वर्मा सहित सभी संगठनों के प्रांताध्यक्ष एवं जिला संयोजक मौजूद रहे। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, प्रांतीय प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी, जिला संयोजक उमेश ने बताया कि फेडरेशन के आव्हान पर राज्य के कर्मचारियों की चार सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर 27 सितंबर को राज्य के लाखों कर्मचारी, अधिकारी हड़ताल पर रहेंगे। इस चरणबद्ध आंदोलन को अब नई सहिबो, मोदी के गारंटी ले के रहिबो का नाम दिया गया है।आगामी हड़ताल की तैयारी को लेकर राजधानी रायपुर में एक बड़ी बैठक की गई, जिसमें सभी ने इस हड़ताल को सफल बनाने का निश्चय किया।

*प्रमुख मांगें : भाजपा घोषणापत्र के अनुसार, प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय 1 जनवरी 24 से महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत दिया जाए। प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि से महंगाई भत्तों की एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किया जाए। घोषणापत्र के अनुसार, प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय वेतनमान देने संबंधी मांग, केंद्र के समान गृहभाड़ा भत्ता, मध्यप्रदेश सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नकदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन दिए जाने की मांग प्रमुख है।*

# केंद्र से 240 ई-बसों की मंजूरी रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग भिलाई में जल्द शुरू होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत मिलेगी सुविधा, रायपुर के लिए 100 ई-बसों की स्वीकृति

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत भारत सरकार द्वारा प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन के लिए 240 ई-बसों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनका संचालन राजधानी रायपुर सहित बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई में किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन के ढांचे को दुरुस्त करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पीएम ई-बस सेवा योजना प्रारंभ की गई है। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा रायपुर के लिए 100, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसें स्वीकृत की गई हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने बताया कि सार्वजनिक परिवहन सेवा की इस अभिनव योजना में केंद्र सरकार द्वारा शहरों को बसों की खरीद तथा उनके संचालन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसका एक बड़ा हिस्सा शहरों में बस डिपो जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए भी खर्च किया जाएगा। योजना के अंतर्गत तीन तरह की बसें स्टैंडर्ड, मीडियम और मिनी चलाई जाएंगी।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 16 सितंबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02


कई किमी लंबी कतार... भक्ति का जन सैलाब

## लाइव इवेंट

# फुटसल प्रीमियर लीग में भीड़े जेसीआई सदस्य



रायपुर। जेसीआई कैपिटल द्वारा जेसीआई सप्ताह के अंतिम दिन फुटसल प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान दोनों ही टीम के खिलाड़ियों के बीच शानदार उत्साह देखने को मिला। जहां हार के बाद भी खिलाड़ी विपक्ष खिलाड़ियों की जीत का जश्न मनाते नजर आए। शानदार प्रतियोगिता में विभिन्न वर्ग के सदस्यगण उपस्थित रहे, जिन्होंने लगातार 2 घंटे की स्पर्धा के दौरान प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की। मुख्य अतिथि शीतल जैन ने अपने संबोधन में कहा, खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है। खेल व्यक्ति को अनुशासन, टीमवर्क,दृढ़ संकल्प व एकाग्रता सिखाता है। जेसीआई कैपिटल के अध्यक्ष सेनेटर नरेंद्र सिन्हा ने कहा, खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल में खिलाड़ियों को हार व जीत का सामना करना पड़ता है।

### लीजेंड्स टीम ने अपने नाम किया खिताब

फुटसल प्रीमियर लीग में लीजेंड्स टीम ने शानदार प्रदर्शन कर पुरस्कार अपने नाम किया। टीम के कप्तान जेसी सिद्धार्थ मुखिम द्वारा उत्कृष्ट नेतृत्व व प्रदर्शन देखने को मिला। इसमें सर्वाधिक गोल करने के लिए 'गोल्डन बूट अवार्ड' कमलेश गृतलहरे को दिया गया। 'बेस्ट स्ट्राइकर अवार्ड' अखिलेश साहू, 'बेस्ट यंगेस्ट प्लेयर अवार्ड' यज्ञ मुकीम, 'बेस्ट गोलकीपर अवार्ड' अमरेंद्र गिरी को दिया गया। स्पर्धा के दौरान अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, सचिव कौशिक परमार, चित्रांक चोपड़ा, श्रीकांत पारख, विक्रम गिरडकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कैंपस इवेंट

# एसिड अटैक सर्वाइवर बनकर पहुंची छात्रा, दर्शाई उनकी पीड़ा



रायपुर। डिग्री गर्ल्स कॉलेज में गणेशोत्सव के मौके पर विविध आयोजन किए गए। एक सप्ताह से चल रहे इस कार्यक्रम का समापन 15 सितंबर को किया गया। इस दौरान मेहंदी, पाक कला, थाल सज्जा, फैंसी ड्रेस, साड़ी ड्रेपिंग, रंगोली, अल्पना, तत्कालिक भाषण, वाद-विवाद व हेयर स्टाइल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। स्पर्धाओं में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता दिखाई। स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों ही स्तर की छात्राएं इसमें शामिल हुईं।

### मिष्ठान को दिया गणपति का स्वरूप

पाक कला स्पर्धा के दौरान गणेश चतुर्थी स्पेशल मोदक तैयार किया गया। मिष्ठान को गणपति का स्वरूप दिया गया। फैंसी ड्रेस में छात्राएं छत्तीसगढ़ी, बंगाली, मराठी, साउथ इंडियन, ब्रम्हचारिणी बनकर पहुंची। मुख्य आकर्षण का केंद्र घरेलू कामकाजी महिला, पीड़ित नर्स व एसिड अटैक सर्वाइवर बनकर पहुंची छात्राएं रहीं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. किरण गजपाल द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। पाक कला में प्रथम ज्योति केवट, द्वितीय रुचिता साहू व तृतीय नीलम साहू रही। फैंसी ड्रेस में प्रथम पूजा सिन्हा, द्वितीय निशा फेकर व तनु साहू तथा तृतीय हेमप्रभा साहू रही। मेहंदी प्रतियोगिता में रितु पटेल और प्रगति चंद्राकर विजेता बनी।

## एजूकेशन अपडेट

# एसएससी की परीक्षाओं में 'आधार' से होगा सत्यापन

रायपुर। कर्मचारी चयन आयोग अर्थात एसएससी द्वारा भी अब पंजीकरण के समय, परीक्षाओं और भर्ती के विभिन्न चरणों के दौरान स्वैच्छिक आधार पर उम्मीदवारों की पहचान सत्यापित करने के लिए आधार से प्रमाणीकरण किया जा सकेगा। इसके पहले संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को भी इसी प्रकार के सत्यापन करने की अनुमति केंद्र सरकार से मिली थी। कार्मिक मंत्रालय ने अपनी अधिसूचना में कहा कि एसएससी को वन टाइम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर पंजीकरण के समय और परीक्षा, भर्ती परीक्षा के विभिन्न चरणों में उम्मीदवारों की पहचान के सत्यापन के लिए स्वैच्छिक आधार पर आधार प्रमाणीकरण करने की अनुमति है। एसएससी को आधार अधिनियम, 2016 के सभी प्रविधानों और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआइडीएआइ) द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना होगा।

### गलत पहचान रोकने कदम

गौरतलब है कि एसएससी विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में अराजपत्रित पदों के लिए भर्ती परीक्षा का आयोजन करता है। कार्मिक मंत्रालय ने 28 अगस्त को यूपीएससी को उम्मीदवारों के सत्यापन के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण को मंजूरी दी थी। आधार यूआइडीएआइ द्वारा सभी पात्र नागरिकों को बायोमेट्रिक और जनसांख्यिकीय डाटा के आधार पर जारी किया गया 12 अंकों का नंबर है। सरकार की इन अधिसूचनाओं को सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है कि अभ्यर्थी अपनी गलत पहचान न बताएं या एसएससी और यूपीएससी द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में बैठने के लिए धोखाधड़ी न करें।

**● मंगलवार को गणेश विसर्जन के बाद प्रारंभ हो जाएगा पितृपक्ष, इसके पश्चात बाजार में लौटेगी रौनक**

# नवरात्रि से बूम...पुष्य नक्षत्र से पहले सराफा में 100 करोड़ ऑटोमोबाइल्स में 200 करोड़ के कारोबार की आस

"त्योहारों का सीजन आते ही बाजारों में रौनक लौट आई है। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर शहर में सराफा, ऑटोमोबाइल्स सेक्टर को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। ऐसे में शहर के व्यापारियों को उम्मीद है कि नवरात्रि के साथ बाजार एक फिर से बूम करेगा। इसे लेकर कारोबारियों और डीलर एजेंसियों ने अभी से दशहरा और दीपावली के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

रायपुर। हरिभूमि ने पर्व में बाजार को लेकर शहर के विभिन्न सेक्टर के व्यापारियों से बातचीत की। उनका कहना है कि इस बार शादियां कम थी, लेकिन व्यापार पिछले साल से अधिक हुआ है। इस वजह से पूरी उम्मीद है कि इस बार छोटी दीपावली तक बाजार बूम करता रहेगा। मंगलवार को गणेश विसर्जन के बाद बुधवार से पितृपक्ष प्रारंभ हो जाएगा। पितृपक्ष में खरीदी नहीं की जाती है। ऐसे में उम्मीद है कि पितृपक्ष के बाद नवरात्रि से बाजार में रौनक लौटेगी। सराफा व्यापारियों का कहना है कि दिल्ली और मुंबई से डिजाइनिंग ज्वेलरी आएगी, जिसके लिए ऑर्डर एक महीने पहले से दिए जा चुके हैं। इसके अलावा ऑटोमोबाइल सेक्टर में दीवाली के दौरान 200 करोड़ रुपए से ज्यादा के वाहनों की बिक्री होने की उम्मीद कारोबारियों ने जताई है। गणेश चतुर्थी से लगातार दोपहिया, तीन पहिया, चार पहिया और ईवी की बुकिंग हो रही है। इसे देखते हुए कारोबारी भी उत्साहित है। चेंबर ऑफ कॉमर्स का कहना है कि छत्तीसगढ़ में नवरात्रि से दीपावली तक पिछले साल की तुलना में अधिक धन बरसेगा। सभी सेक्टर मिलाकर इस बार 2500 करोड़ से अधिक का व्यापार होने की उम्मीद है। सबसे अधिक सराफा और ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिकल और कपड़े का बाजार बूम करेगा।





### दोगुना अधिक स्टॉक

*दीपावली में इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर का बाजार हर साल बूम करता है। इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी संघ के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ने बताया कि बाजार गणेश चतुर्थी से चढ़ने लगा है। नवरात्रि के बाद थोक बाजार के व्यापारियों की बिक्री बढ़ जाएगी। इस बार भी दीपावली में एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर की बिक्री होगी, जिसके लिए स्टॉक दोगुना अधिक रखा है। अक्टूबर महीने में 40 प्रतिशत तक बाजार बूम कर सकता है। प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में लगभग 500 करोड़ से अधिक व्यापार हो सकता है। केवल रायपुर और बिलासपुर में ही 100 करोड़ रुपए के बिजनेस का अनुमान है। बड़े कारोबारियों ने ऑर्डर देना शुरू कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में एयर कंडीशनर, माइक्रोवेव, इंडक्शन जैसे उपकरणों की खासी डिमांड रहेगी। ग्राहक खरीदारी के लिए आकर्षित हो, इसके लिए कई तरह की छूट और प्रोडक्ट पर दो से पांच साल की वारंटी भी दी जाएगी।*

### तांबे के बर्तनों का स्टॉक

धनतेरस में बर्तनों की बिक्री बढ़ जाती है। इसके लिए बर्तन व्यापारियों ने अभी से स्कॉट रखने शुरू कर दिए हैं। बीते कुछ सालों से स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ने से लोगों के बीच तांबे के बर्तनों की मांग बढ़ी है। थोक बर्तन व्यापारी हजारों की संख्या में तांबे के बर्तनों का स्टॉक मंगा रहे हैं। इस बार बर्तन का व्यापार 50 करोड़ से अधिक का हो सकता है। सामान्य स्टील के बर्तन 250 से 750 रुपए प्रति किलो के भाव में गुणवत्ता के आधार पर बिकेंगे।



### सराफा बाजार में पुष्य नक्षत्र से लौटेगी रौनक

नवरात्रि के साथ ही सराफा बाजार में रौनक बढ़ जाएगी। सराफा व्यापारी हरखमालू का कहना है कि पुष्य नक्षत्र से बाजार में धनवर्षा शुरू होगी, जो छोटी दीपावली तक जारी रहेगी। पुष्य नक्षत्र में 100 करोड़ से अधिक के व्यवसाय का अनुमान है। इसके अलावा धनतेरस दीपावली में भी 100 करोड़ से अधिक का व्यापार होने की पूरी उम्मीद है। आकर्षक ज्वेलरी मुंबई और दिल्ली से मंगाई जा रही है। धनतेरस के पहले कीमतों में गिरावट हो सकती है, जिससे बाजार और ज्यादा बूम होगा।

### पर्व से पहले ही बुकिंग

पर्व से पहले ही ऑटोमोबाइल सेक्टर बूम करने लगा है। गणेश पर्व में अभी तक 30 करोड़ से अधिक दोपहिया और कार की बिक्री हो चुकी है। ऐसे में नवरात्रि और दीपावली में यह बाजार 200 करोड़ से अधिक जाएगा। ऑटोमोबाइल संघ के प्रशांत श्रीवास्तव का कहना है कि ईवी कार के दाम कम होने से इसकी डिमांड भी पर्व को लेकर बढ़ी है। 200 करोड़ से ज्यादा के वाहनों की बिक्री की उम्मीद है। दीपावली के लिए अग्रिम बुकिंग करोड़ में है। दीवाली को देखते हुए सभी वाहनों में आकर्षक स्कीम चलाई जाएगी। खरीदारों को कैशबैक ऑफर, स्क्रैच कार्ड गिफ्ट के साथ ही तत्काल स्टॉलमेंट पर वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। इस बार दोपहिया वाहन से लेकर तीन पहिया, घरेलू चार पहिया और मालवाहकों की कीमत में 3,000 से 20,000 तक का इजाफा हुआ है। इसके बाद भी ऑटोमोबाइल्स सेक्टर में बूम की स्थिति देखने को मिल रही है।

### 10 दिवसीय फसल उत्सव का समापन

# पूविली पूविली पोन्नोनमयी... घरों में सजी फूलों की रंगोली

रायपुर। 'पूविली पूविली पोन्नोनमयी' की मधुर धुन सुने बिना ओणम पर्व के गुजरने की कल्पना करना मुश्किल है। श्रीकुमारन थम्पी द्वारा लिखित और सलिल चौधरी द्वारा रचित सदाबहार ओणम गीत की धुन प्रत्येक मलयाली व्यक्ति के घरों में रविवार को सुनने को मिली। रविवार को केरलावासी व मलयाली समाज द्वारा ओणम पर्व मनाया गया। इस अवसर पर शहर के मंदिरों व घरों को फूलों की रंगोली से सजाया गया। अयप्पा मंदिर के सदस्य टीवी सोमन नायर ने बताया, ओणम केरल व मालयाली समाज के सदस्यों द्वारा मनाया जाने वाला 10 दिवसीय फसल उत्सव है। ओणम पर्व की शुरुआत 6 सितंबर से हुई, जिसका समापन रविवार को किया गया। अंत के तीन दिन भगवान शंकर की मिट्टी का प्रतिमा तैयार कर पूजा-अर्चना की जाती है। जिसके पहले व दूसरे दिन प्रसादी, अभिषेक व पूजा-अर्चना होती है। यह पर्व राजा महाबली की घर वापसी की याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर महिलाएं फूलों से रंगोली तैयार करती है।





### भोग में पारंपरिक व्यंजन

अयप्पा मंदिर में सुबह पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद नायर, मलयाली व केरलावासी सदस्यों ने अपने घरों में भी मंदिर की तर्ज पर भगवान की पूजा की। पारंपरिक व्यंजनों का भगवान को भोग लगाया गया। सोमवार को भी सामाज सदस्यों द्वारा ओणम पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह से घर पर भोलेनाथ की पूजा-अर्चना व अभिषेक किया जाएगा। आने वाले 22 सितंबर रविवार को नायर समाज द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। समाज के सदस्यों द्वारा उरकुरा बिरगांव स्थित श्री शंकरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ओणम पर्व का आयोजन होगा।


# यूपीएससी मेंस के प्रवेशपत्र जारी 20 से दो शिफ्ट में होगी परीक्षा

रायपुर। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से सिविल सेवा मुख्य परीक्षा की शुरुआत 20 सितंबर से होने जा रही है। जो भी अभ्यर्थी प्रीलिम एग्जाम में सफलता प्राप्त करके मुख्य परीक्षा के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं वे अपना प्रवेश पत्र यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र रजिस्ट्रेशन आईडी या रोल नंबर दर्ज करके डाउनलोड किया जा सकता है। यूपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का आयोजन 20, 21, 22, 28 एवं 29 सितंबर को दो शिफ्ट में संपन्न करवाया जाएगा। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी, वहीं दूसरी पाली की परीक्षा का आयोजन दोपहर 2:30 से शाम 5:30 तक किया जाएगा। यूपीएससी मेंस एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर जाना होगा। इसके बाद रजिस्ट्रेशन आईडी अथवा रोल नंबर द्वारा लॉग-इन करके प्रवेश पत्र डाउनलोड करके उसका प्रिंटआउट निकाल सकते हैं।

### इंजीनियर साक्षात्कार के शेड्यूल जारी

यूपीएससी ईएसई साक्षात्कार शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। शेड्यूल को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया है। जो उम्मीदवार इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा 2024 व्यक्तित्व परीक्षण के लिए उपस्थित होंगे, वे यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट **upsc.gov.in** पर तिथियों की जांच कर सकते हैं। इंजीनियरिंग सेवा मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार ही साक्षात्कार दौर में शामिल होंगे। व्यक्तित्व परीक्षण में कुल 617 उम्मीदवार उपस्थित होंगे। जारी शेड्यूल के अनुसार, व्यक्तित्व परीक्षण 7 से 25 अक्टूबर और 4 से 6 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार दो पालियों में आयोजित किया जाएगा।

रायपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ का 17वां स्थापना दिवस समारोह 16 सितंबर को उपरवारा नवा रायपुर स्थित परिसर में आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा मंत्री, रायपुर सांसद, विधायक तथा चिकित्सा विज्ञान से संबंधित गनमान्य व्यक्ति एवं छात्र समारोह में उपस्थित रहेंगे।






## गणेशोत्सव 2024


अमलीडीह में स्थापित 24 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा


अवधपुरी गणेशोत्सव समिति


आशियां सीजी चौक गणेशोत्सव समिति, श्याम नगर

**गणेशोत्सव हरिभूमि संग...**

*घर में स्थापित मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं संग सेल्फी आप 96301-72937 पर हमें व्हाट्सऐप कर सकते हैं। श्रेष्ठ तस्वीरों को अखबार में स्थान दिया जाएगा।*


पाम बेलाजियो सोसायटी, मोवा


श्री गौरी-गौरा गणेशोत्सव समिति, तेलीबांधा



सीटीऑफ ड्रीम्स कॉलोनी, कचना


जय मां बम्लेश्वरी गणेशोत्सव, डंगनिया


जय श्री महाकाल गणेशोत्सव समिति, सोनकर बाड़ी, कुशालपुर


गजानंद गणेशोत्सव समिति शिव मंदिर, गली नं. 2, फाफाडीह


जय बुढ़ी मां गणेशोत्सव समिति, राजेन्द्र नगर


नवीन मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति, इंदिरा चौक, श्याम नगर


गली नं. 5, तेलीबांधा

### कृष्ण-राधा के सौम्य रूप, भोलेनाथ के शीश महल, कुबेर की तरह सजे विघ्नहर्ता की झलक पाने उमड़ा सैलाब

# कई किमी लंबी कतार... भक्ति का जन सैलाब

**जैसे-जैसे विघ्नहर्ता के विदाई की घड़ी पास आ रही है, वैसे-वैसे राजधानी के गणेशोत्सव पंडालों में भीड़ भी बढ़ती जा रही है। कहीं राधा-कृष्ण की तरह की भगवान गणेश रिद्धि-सिद्धि के साथ सौम्य रूप में विराजमान दिखे, तो कहीं आराध्य देव को कुबेर की तरह सजाने के बाद समितियों ने रंगीन लाइटों से पंडाल को रोशन किया है। इसे देखने लोगों का जन सैलाब रविवार रात उमड़ा।**



**रायपुर।** लंबी कतार लगने के बाद भी लोगों का जूनुन चरम पर था। बिरगांव, भनपुरी, श्रीनगर, खमतराई के लोग पहले गुढ़ियारी स्थित पंडाल में नंदगांव देखने के लिए पहुंचे। भीड़ को देखते हुए कई लोगों ने वीआईपी पास भी लिए। परिवार के साथ दर्शन करने के लिए पहुंचे लोग समय बचाने के लिए इस तरह का प्रयास करने मजबूर थे। वहीं कारावास, नंदोत्सव, कालिया मर्दन और रासलीला की चलित झांकी लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र रही। भीड़ के चलते हनुमान मंदिर मंगलम भवन से गुढ़ियारी अंडरब्रिज तक लोगों की भीड़ रही। वहां से लोग राठौर चौक, प्रभात टाकिज के पास स्थापित प्रतिमा का दर्शन करने के बाद गोलबाजार व रामसागर पारा पहुंचे।



### छुट्टी के कारण पंडालों में भीड़

सरकारी छुट्टी व मार्केट बंद होने के कारण शाम ढलते ही लोग परिवार सहित गणेश उत्सव की झलक पाने के लिए निकले। रामसागर पारा, पंडरी, गोलबाजार, राठौर चौक से होते हुए बूढ़ापारा चौक से वापस कालीबाड़ी में सजाए गए भव्य पंडाल में लोग पहुंचे। यहां आधी रात तक दर्शन के लिए लोगों की भीड़ रही। इस बार सभी बड़े पंडालों के आस-पास बच्चों के मनोरंजन का इंतजाम किया गया है। इससे मेले जैसा माहौल हर वर्ग को मिल रहा है। इससे सड़कों पर लोगों की भीड़ देर रात तक रही। इस तरह की स्थिति हवन से पहले तक रहेगी। इसके बाद समिति के लोग विसर्जन झांकी की तैयारी करेंगे।



### बॉलीवुड गानों से किनारा

कुछ साल पहले गणेश उत्सव में बॉलीवुड के गीत-संगीत पंडालों में सुनाई देते थे, लेकिन इस बार आयोजकों ने उत्सव को पूरी तरह धार्मिक माहौल में बनाने की परंपरा शुरू की है। हिन्दू संगठन के साथ बजरंग दल की टीम द्वारा की गई मांग पर समिति के लोगों ने भी फिल्मी गीतों से तौबा करते हुए इस बार पंडालों में भजनों को प्राथमिकता दिया है। इस प्रयास से धार्मिक आयोजन में बढ़ती फूहड़ता पर कुछ हद तक अंकुश लगा है। शहर में इससे पहले तक पंडालों में भक्ति गीतों की जगह फिल्मी गीत-संगीत बजते थे। अब समितियों ने उत्सव को पूरी तरह से धार्मिक माहौल देने की जिम्मेदारी निभाई है।

### महादेव घाट में विसर्जन शुरू

घरों और संस्थानों में गजानन की स्थापना 5, 7 और 9 दिन तक करने वाले भक्त परिवार अब महादेव घाट में निगम द्वारा बनाए गए विसर्जन कुंड में मूर्ति प्रवाहित करने के लिए पहुंचने लगे हैं। इसे देखते हुए निगम के अधिकारियों और जोन कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। एक-एक करके मूर्ति विसर्जन के लिए पहुंचने वाले लोगों को निगम कर्मी सहयोग कर रहे हैं। रविवार को विसर्जन के लिए लोगों की आवाजाही रही।

# कैडेट्स ने जाना, कम समय में हथियार को कैसे खोलें व बंद करें, मिले फायरिंग टिप्स

**रायपुर।** लखौली स्थित एनसीसी कैंप में 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 11 सितंबर से आयोजित कार्यक्रम का समापन 20 सितंबर को होगा। 27 छत्तीसगढ़ बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप नायर के निर्देशन में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीनियर डिविजन, सीनियर विंग, जूनियर डिविजन व जूनियर विंग के कैडेट शामिल हैं। शिविर में मुख्य रुप से रोजाना पीटी परेड, ड्रिल ट्रेनिंग, हथियार प्रशिक्षण, फायरिंग प्रैक्टिस की जानकारी दी जाती है।



### संयुक्त शिविर में स्कूल-कॉलेज के छात्र

एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा ने बताया, रोजाना शिविर में कैडेट्स को ट्रेनिंग के साथ अन्य विषयों की भी जानकारी दी जा रही है। इसके लिए अन्य संस्थानों से व्याख्याता के रुप में अनुभवी सदस्यों को आमंत्रित किया जा रहा है। शिविर में विद्यालय व महाविद्यालय के लगभग 350 कैडेट उपस्थित हैं, जो संयुक्त रुप से शिविर का लाभ ले रहे हैं। शिविर में एम्स से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.अंजलि पाल व्याख्याता के रुप में शामिल हुई, जिन्होंने स्वास्थ्य संबंधित जानकारी साझा की। इसमें प्राणायाम, योग, ध्यान, तनाव दूर करने के उपाय व फोन के दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई।

### अग्निवीर में एनसीसी का सर्टिफिकेट मान्य

सूबेदार मेजर रुबेश कुमार, हवलदार रुप सिंह व हवलदार शुभम यादव भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। जिन्होंने अपने व्याख्यान में सैन्य भर्ती में होने वाले चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अग्निवीर में एनसीसी के कैडेट्स को अन्य प्रतिभागियों के मुकाबले असानी से प्रवेश मिल सकता है। एनसीसी के ए, बी और सी सर्टिफिकेट सेना की तरह अग्निवीर के लिए भी मान्य हैं। प्रशिक्षण में हथियारों को कम समय में खोलने व जोड़ने का प्रशिक्षण दिया जा रहा। साथ ही प्वाइंट 22 राइफल व एसएलआर में फायरिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा।



एनआईटी में दो दिवसीय वार्षिक फोटोग्राफी वर्कशॉप

# कैंपस के हर हिस्से में ले जाकर दिए फोटोग्राफी टिप्स

**रायपुर।** एनआईटी के क्लिक क्लब द्वारा 14 और 15 सितंबर को दो दिवसीय वार्षिक फोटोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। पहले दिन क्लिक क्लब के फैकल्टी इंचार्ज डॉ.सान्याल ने क्लिक क्लब की यात्रा साझा क। जिसमें उन्होंने 2010 से 2024 तक क्लब के विकास और इसके योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने छात्रों को हॉबी के महत्व के बारे में बताया। डॉ. सान्याल ने फोटोग्राफी के तकनीकी पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए छात्रों को उत्साहित किया कि वे अपने शौक को न केवल बनाए रखें, बल्कि उसे अपने जीवन में भी शामिल करें। दूसरे दिन विशेष अतिथि वक्ता के रूप में एनआईटी रायपुर के पूर्व छात्र डॉ. धर्मेंद्र सिंह सैनी उपस्थित रहे, जो एस्ट्रो फोटोग्राफी और लॉन्ग एक्सपोजर फोटोग्राफी में में विशेषज्ञ हैं। उन्होंने प्रसिद्ध वन्यजीव फोटोग्राफर सुधीर शिवराम से प्रेरित होकर पेशेवर फोटोग्राफी में आने की अपनी यात्रा साझा की।



### पेश किए गए संग्रह

लैंडस्केप और माइक्रो फोटोग्राफ का एक शानदार संग्रह प्रस्तुत किया गया। पोस्ट-प्रोसेसिंग के लिए विभिन्न सॉफ्टवेयर टूल, फोटोग्राफी मोड और तकनीक संबंधित सवाल भी छात्रों ने पूछे, जिसका जवाब छात्रों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के अंत में एक फोटो वॉक का आयोजन किया गया। इसमें सभी प्रतिभागियों को पूरे कैंपस के विभिन्न हिस्सों में ले जाकर फोटोग्राफी के हर पहलू की लाइव जानकारी दी गई। उन्हें कैमरा एवम उससे जुड़ी हर चीज की प्रायोगिक जानकारी प्रदान की गई।

### छात्रावास अधीक्षक के लिए हुई भर्ती परीक्षा, राजधानी में बनाए गए 165 केन्द्र

# 6.5 लाख ने दी थी अर्जी, 44% नदारत, व्यापम ने पूछा गूगल खाता बनाने लेकर यू-ट्यूब का सही इस्तेमाल, राष्ट्रीय सब्जी कौन सी?

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** व्यापम द्वारा छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। इस भर्ती परीक्षा के लिए प्रदेशभर से 6.50 लाख आवेदन व्यापम को मिले थे। लेकिन इनमें से मात्र 55.98 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दिलाई। अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर थोक में व्यापम द्वारा परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। अकेले राजधानी रायपुर में ही 165 केंद्र बनाए गए। यहां भी आधे कैंडिडेट्स नदारत रहे। 165 केंद्रों में परीक्षा दिलाने के लिए 64 हजार 902 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था, लेकिन इनमें से सिर्फ 32 हजार 902 ही केंद्र में पहुंचे। शेष 32 हजार नदारत रहे। रायपुर के अलावा जहां अधिक संख्या में केंद्र बनाए गए उनमें बिलासपुर और बस्तर शामिल रहा। बिलासपुर में 205 परीक्षा केंद्र बनाए गए। बस्तर में 114 केंद्रों में यह परीक्षा हुई। इसके अलावा बेमेतरा में 64, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 19, राजनांदगांव में 108, सूरजपुर में 19, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 22, दुर्ग में 190, कोरबा में 54, धमतरी में 78, कवर्धा में 49 और बालोद में 36 केंद्रों में परीक्षा हुई।



### रोचक रहे कंप्यूटर के प्रश्न

शुरुआती 30 सवाल कंप्यूटर की सामान्य जानकारी पर आधारित रहे। आसान होने के साथ ही ये रोचक रहे। अभ्यर्थियों से गूगल में खाता बनाने की प्रक्रिया के साथ ही जीबी-एमीबी सहित अन्य जानकारी मांगी गई। यू-ट्यूब के सही उपयोग से लेकर यू-ट्यूब में जानकारी खोजे जाने संबंधित सवाल भी किए गए। मल्टीमीडिया का मुख्य उपयोग, सीडी-डीवीडी का उपयोग जैसे सवाल भी रहे। भाषा के अंतर्गत संज्ञा, सर्वनाम, मूल संविधान की हस्तलिखित कॉपी, विभिन्न नदियों के उद्गम स्थल, भारत की राष्ट्रीय सब्जी जैसे सवाल भी किए गए।



### औसत रहे सवाल


परीक्षा में 100 अंकों के सवाल पूछे गए। कंप्यूटर संबंधी सामान्य ज्ञान, हिंदी व्याकरण, अंग्रेजी, गणित, सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाक्रम सहित छत्तीसगढ़ की सामान्य जानकारी और बाल मनोविज्ञान से सवाल पूछे गए। परीक्षा देकर निकले छात्रों और विशेषज्ञों के मुताबिक, सवाल औसत रहे। कंप्यूटर संबंधित सामान्य ज्ञान के सवाल अन्य सेक्शन के सवालों की तुलना में आसान रहे। हालांकि गणित के सवाल अधिक समय लेने वाले रहे।

### इधर...नहीं मिला केंद्र

हीरापुर गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। यहां परीक्षा दिलाने पहुंचे अभ्यर्थियों का कहना है कि दोपहर 12 बजे परीक्षा प्रारंभ हुई, लेकिन स्कूल में ताला ही जड़ा रहा। अभ्यर्थियों ने इसकी शिकायत पुलिस थाने में भी की है। उनकी मांग है कि परीक्षा दोबारा ली जाए।

## हेल्थ टिप्स

### सीढ़ियां चढ़ते-उतरते नहीं फूलेंगी सांस, उठाएं कुछ जरूरी कदम



क्या सीढ़ियां उतरते और चढ़ते दौरान आपको भी हंफनी होने लगती है। जानते हैं कुछ उपाय जिससे आपकी सांस नहीं फूलेंगी। सीढ़ियां चढ़ते उतरते वक्त अक्सर सांस फूलने की शिकायत होती है। पहली मंजिल की सीढ़ियां चढ़ते-चढ़ते ही हम अक्सर हांफने लगते हैं। एक उम्र के बाद इस तरह से सांस फूलना और थकान होना आम बात है, लेकिन आजकल कम उम्र के लोगों को भी यह शिकायत होने लगी है अगर आप भी सीढ़ियां चढ़ते उतरते हांफने लगते हैं तो हम आपको इस आर्टिकल में तीन उपाय बता रहे हैं, जिसकी मदद से आपको इससे राहत मिलेगी। चलिए जानते हैं इस बारे में विस्तार से। डॉक्टर शाकिर रहमान इस बारे में जानकारी दे रहे हैं।

जब कभी भी आपको सीढ़ियां चढ़ते समय सांस फूलने लगे तो आप सीढियां




चढ़ना रोक दें। कुछ देर वहीं पर बैठे आराम से गहरी सांस लें और फिर दोबारा से चलना जारी रखें। यानी आपको सीढ़ियां चढ़ने के दौरान जल्दबाजी नहीं करनी है। इससे आपकी सांस वापस सामान्य हो सकती हैं और आप आगे चढ़ाई को आसानी से कर सकते हैं।

शुरुआत से ही अपनी गति धीमी रखें, तेजी से सीढ़ियां चढ़ने से आपके हृदय और फेफड़ों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है,जिससे सांस फूलने की संभावना बढ़ जाती है,धीरे-धीरे स्थिर गति से चढ़ने से आपके शरीर को आराम मिलता है। सीढ़ियां चढ़ते वक्त सांस की गति को स्थिर रखने की कोशिश करें। तेज और असामान्य सांस लेने से आपकी थकावट बढ़ सकती है।

कई बार शरीर में पोषक तत्वों और पानी की कमी के चलते भी सांस फूलने लगती है ऐसे में जब कभी भी आपको सीढ़ियां चढ़नी हो आप घर से कुछ ना कुछ खा कर ही निकलें, शरीर को ठीक प्रकार से हाइड्रेट करें। इससे शरीर में ताकत बनी रहती है और आप अपने ऊर्जा का पूरा इस्तेमाल कर पाते हैं।

सांस संबंधी समस्याओं से राहत पाने के लिए आप रूटीन में ब्रीदिंग एक्सरसाइज और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जरूर शामिल करें। इससे आपका स्टेमिना बढ़ता है। दिल और फेफड़े मजबूत होते हैं। इसके अलावा जो लोग बहुत कम सीढ़ियां चढ़ते हैं, उन्हें भी सांस फूलने की शिकायत होती है तो ऐसे में आप सीढ़ियों का उपयोग ही बढ़ा दें, रोजाना सीढ़ियां चढ़ें, आराम-आराम से चढ़े। इससे सांस फूलने की समस्या में कमी आएगी।



### खर्राटे की आवाज से पाएं छुटकारा, एक्सपर्ट के बताए उपायों को आजमाएं

# खर्राटे बन गए हैं मुसीबत तो हो जाएं सावधान राहत पाने के लिए तुरंत करें ऐसे जरूरी उपाय

क्या आपको भी खर्राटे की समस्या है? क्या आपके भी घर में कोई ऐसा व्यक्ति है जिसके खर्राटे की आवाज से आपको नींद नहीं आती है? आमतौर पर हम इसे परेशान करने वाला समझते हैं, इससे व्यक्ति डिस्टर्ब होता है, लेकिन यह खतरनाक भी होता है। चलिए सबसे पहले जानते हैं कि आखिर खर्राटा क्यों निकलता है और इसे रोकने के लिए क्या उपाय करने चाहिए।

### खर्राटे क्यों निकलते हैं?

हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर बताती हैं खर्राटे वह ध्वनि है जो तब उत्पन्न होती है जब सोते समय मुंह और नाक से हवा का प्रवाह आंशिक रूप से बाधित होता है। इसके अलग अलग कारण होते हैं नैजल प्रॉब्लम स्लीप पोजिशन ओबेसिटी शराब का सेवन स्लीप एपनिया

### कैसे रोके खर्राटे?

सोने का पोजिशन बदलें, आप करवट होकर सोएंगे तो खर्राटों को कम करने में मदद मिल सकतेहै। वजन कम करने से गर्दन के आसपास वसायुक्त ऊतक कम हो सकता है और खर्राटे कम हो सकते हैं। शराब पीने से बचें, खासकर सोने से पहले, क्योंकि इससे गले की मांसपेशियों को आराम मिलता है। नेजल कंजेशन का इलाज करें। आप नेसल स्ट्रिप्स या एलर्जी के लिए दवाएं लें इससे नाक के मार्ग को खुला रखने में मदद मिल सकती है। स्लीप हाइजीन का ध्यान रखें, सुनिश्चित करें कि आप पर्याप्त नींद लें और सोने और उठने का शेड्यूल बनाएं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से



खर्राटों में कमी आ सकती है, क्योंकि शुष्क वायु मार्ग खर्राटों का कारण बन सकते हैं।

### खर्राटों के इलाज के लिए घरेलू उपाय

**पुदीना का तेल:** एक कप उबलता हुआ पानी लें। इसमें 10 पुदीने की पत्तियां डालकर ठंडा होने के लिए छोड़ दें। जब यह पानी गुनगुना पीने योग्य हो जाए, तो इसे छानकर या बिना छाने ही पिएं। इससे कुछ ही दिनों में खर्राटों की समस्या ठीक हो जाती है।

**दालचीनी:** खर्राटे की समस्या से निजात पाने के लिए एक ग्लास गुनगुने पानी में तीन चम्मच दालचीनी का पाउडर मिलाकर पिएं। इसके लगातार सेवन से आपको काफी फायदे नजर आएंगे।

**लहसुन :** अच्छी और चैन की नींद के लिए लहसुन का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद है। एक या दो लहसुन की कली को पानी के साथ लें। इस उपाय को सोने से पहले करने से आप खर्राटों से राहत पा सकते हैं, साथ ही चैन की नींद ले सकते हैं।

**हल्दी :** हल्दी में एंटी-सेप्टिक और एंटी-बायोटिक गुण होते हैं। रोज रात को सोने से पहले दूध में हल्दी पकाकर (हल्दी वाला दूध) पीने से फायदा होगा।

**जैतून का तेल :** ऑलिव ऑयल यानि जैतून का तेल एक बहुत ही कारगर घरेलू उपाय है। इसमें भरपूर मात्रा में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होता है। यह श्वसन-तंत्र की प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने में बहुत फायदेमंद होता है। यह दर्द को कम करने में मदद करता है। एक छोटी चम्मच ऑलिव ऑयल में सामान मात्रा में शहद मिलाकर, सोने से पहले नियमित रूप से लें। गले में कंपन को कम करने और खर्राटों को रोकने (kharate ka ilaj) के लिए इस उपाय का प्रयोग करें।

**इलायची :** इलायची सर्दी-खांसी की दवा के रूप में काम करती है। यह श्वसन-तंत्र खोलने का काम करती है। इससे सांस लेने की प्रक्रिया आसान होती है। रात को सोने से पहले इलायची के कुछ दानों को गुनगुने पानी के साथ मिलाकर पिएं। इससे समस्या से राहत मिलती है। सोने से कम से कम 30 मिनट पहले इस उपाय को करें।





## पार्टनर से प्यार और इमोशल सपोर्ट के लिए जानें अपनी लव लाइफ का हाल

जीवन में क्या बदलाव होंगे, इसके बारे में कोई नहीं बता सकता है। इसी तरह आपका रिलेशनशिप आगे कैसा होगा यह भी नहीं पता चल सकता। हालांकि, टैरो कार्ड रीडिंग्स से आप थोड़ा अंदाजा जरूर लगा सकते हैं। कल क्या होगा, यह कोई नहीं बता सकता है। मगर एस्ट्रोलॉजी, न्यूमरोलॉजी और टैरो कार्ड आपको भविष्य में झांकने का मौका देते हैं। आप इससे पता कर सकते हैं कि आपका रिलेशनशिप, लाइफ और करियर किस तरह का रुख लेगा। आपको चुनौतियों के बारे में पता चलता है जिसके लिए आप योजना बना सकते हैं। 16 सितंबर से 22 सितंबर 2024 तक के सप्ताह के लिए जानिए टैरो कार्ड एक्सपर्ट जीविका शर्मा से जरूरी सलाह।

**मेष राशि** : इस सप्ताह मेष राशि वाले अपने साथी के साथ बंधन को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जिसमें विश्वास महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मेष राशि वालों को ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है जहां उन्हें अपनी वफादारी और समर्पण साबित करने की जरूरत महसूस होगी।

**वृष** : इस सप्ताह आपका साथी खूब लाड-प्यार दिखाएगा। इतना ही नहीं, वह आपको इमोशनल सपोर्ट देगा। इस हफ्ते आप काफी पैंपर्ड महसूस करेंगे। जरूरत के समय पर आपका साथी आपके साथ रहेगा। इस समय के दौरान भावनात्मक संबंध को गहरा करने पर ध्यान दें।

**मिथुन राशि** : इस सप्ताह मिथुन राशि के जातक अपने साथी के साथ गहरे और सार्थक संबंध का अनुभव कर सकते हैं। उनके बीच का बंधन आपसी देखभाल, समझ और स्नेह से भरा होगा, जिससे उनके रिश्ते में प्यार और सहयोग का माहौल बनेगा।

**कर्क** : यह सप्ताह आपकी लव लाइफ में भावनात्मक उथल-पुथल ला सकता है। टैरो कार्ड की रीडिंग्स आपके ब्रेकअप या महत्वपूर्ण बदलाव की ओर इशारा करती हैं। आप कुछ फैसलों को लेकर कंफ्यूज रहेंगे और यह पा लगाने में संघर्ष करेंगे कि आपको किस रास्ते को चुनना चाहिए। नए कनेक्शन बनाने की जल्दबाजी करने के बजाय आत्म-चिंतन के लिए समय निकालना जरूरी है।

**सिंह** : सिंह राशि वालों के लिए यह सप्ताह नई शुरुआत लाएगा या मौजूदा संबंधों को गहरा करेगा। अगर आप सिंगल हैं, तो आप साथी की तलाश में एक्टिव रहेंगे। वहीं, जो लोग पहले से ही रिलेशनशिप में हैं या शादीशुदा हैं, वे अपने रिश्ते को मजबूत बनाने के प्रयास करेंगे।

**कन्या** : यह सप्ताह आपके रिश्ते में स्पष्टता लेकर आएगा। टैरो संकेत देता है कि आप अपने साथी के साथ चल रहे मुद्दों को संबोधित करेंगे, जिसका उद्देश्य गलतफहमियों को दूर करना और सद्भाव लाना है। आप या तो बंधन को मजबूत करेंगे या यह तय करेंगे कि अलग होने का समय आ गया है।

**तुला** : आप इस हफ्ते अपने पार्टनर को सपोर्ट करते नजर आएंगे। यह ऊर्जा एक सामंजस्यपूर्ण वातावरण बनाएगी जहां आप दोनों सुरक्षित महसूस करेंगे। आप दोनों ही एक-दूसरे से अच्छा कम्यूनिकेशन रखेंगे जिससे रिश्ता और भी मजबूत होगा। मिला-जुलाकर तुला राशि वालों के लिए यह हफ्ता अच्छी और हेल्दी लव लाइफ की ओर इशारा करता है।

**वृश्चिक** : वृश्चिक राशि वालों को यह सलाह दी जाती है कि अगर आप लव लाइफ में खुशी चाहते हैं, तो अतीत को भूल जाएं। पुराने रिश्तों से जुड़ी पुरानी शिकायतों या अनसुलझे मुद्दों को पकड़कर रखना आपको एक स्थिर और संतोषजनक संबंध बनाने से रोक रहा है। इस सप्ताह उस भावनात्मक बोझ को छोड़ने पर ध्यान केंद्रित करें जो आपको दबा रहा है। आगे बढ़ने से न केवल आपका दिमाग साफ होगा बल्कि प्यार की नई संभावनाएं भी खुलेंगी।

## धैर्य, योजना और सही समय पर निर्णय लेने की कला सिखाता है शतरंज : सांसद अग्रवाल

**रायपुर।** आंजनेय विश्वविद्यालय और चेस सिटी रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 208 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल थे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि शतरंज का खेल जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है, क्योंकि इसमें लिए जाने वाले फैसले और रणनीतियाँ हमारे जीवन के निर्णयों को प्रतिबिंबित करते हैं। शतरंज सिखाता है कि सोच-समझकर और धैर्यपूर्वक निर्णय लेना कितना महत्वपूर्ण है, ठीक वैसे ही जैसे जीवन में हमें हर कदम पर विचार करना पड़ता है। शतरंज धैर्य, योजना और सही समय पर सही निर्णय लेने की कला सिखाता है, जो हमारे



व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सफलता के लिए आवश्यक गुण हैं। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में शतरंज ध्यान और योग की तरह है, क्योंकि यह मानसिक एकाग्रता, धैर्य और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है। जैसे योग शरीर और मन को संतुलित करता है, वैसे ही शतरंज मस्तिष्क को सक्रिय रखता है और सोचने-समझने की क्षमता को विकसित करता है। उद्घाटन सत्र के दौरान विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल डॉ बी सी जैन ने इंडोर स्पोर्ट्स के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल के प्रति लगाव जीवन में अनुशासन को बढ़ाता है। खेल में नियमित अभ्यास, नियमों का पालन और धैर्य की आवश्यकता होती है। यह जीवन में समय प्रबंधन, संयम और लक्ष्य प्राप्ति के प्रति समर्पण सिखाता है। खेल भावना से व्यक्ति अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में भी अनुशासन बनाए रखता है।


































## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## केट विंसलेट को मिली थी बेली रोल छिपाने की सलाह



केट विंसलेट इन दिनों 'ली' को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेत्री ने अपनी आगामी बायोपिक ली में मशहूर फोटो जर्नलिस्ट ली मिलर की भूमिका के बारे में बात की है।

इस फिल्म में उन्होंने खुद के अधिक प्राकृतिक किरदार को अपनाया है। उनका कहना है कि उन्होंने फिल्म के लिए अपने रूप में ज्यादा बदलाव नहीं किए।केट विंसलेट ने हाल ही में कहा कि जब महिला कलाकार कैमरे पर अपना शरीर दिखाती हैं या मेकअप नहीं करती हैं तो यह बहादुरी नहीं है। उनका काम सिर्फ असली महिलाओं को चित्रित करना है। फिल्म में विंसलेट के अंतरंग दृश्य हैं और वह स्क्रीन पर अपना असली शरीर दिखाने के लिए अड़ी हुई थीं। इससे पहले उन्होंने एक किस्सा साझा करते हुए बताया था कि एक क्रू मेंबर ने उन्हें टॉपलेस सीन के दौरान अपने बेली रोल्स (पेट) को छिपाने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। इस सीन में उन्होंने स्वीम सूट पहना है और वे अपनी नेचुरल बॉडी को छिपाना नहीं चाहती हैं। उन्होंने बेली रोल्स को छिपाने की बात से इनकार करते हुए कहा था कि मुझे पता है कि लोग इसे देख सकते हैं, मैं बिल्कुल ठीक हूं। 'ली' में विंसलेट द्वितीय विश्व युद्ध की फोटोग्राफर की भूमिका निभा रही हैं। यह एक ऐसी भूमिका है, जिसे उन्होंने अपनी शारीरिक बनावट में कोई बदलाव किए बिना चुना। अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने जानबूझकर इस भूमिका के लिए व्यायाम करना बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि यह मेरे चेहरे पर ये झुर्रियां मेरी जिंदगी है और यह मायने रखता है। मुझे इसे छिपाने का ख्याल नहीं आया। विंसलेट ने यह भी बताया कि उम्र बढ़ने के साथ-साथ वह अपने शरीर के साथ कितनी सहज हो गई हैं। उन्होंने कहा, 'हर साल बीतने के साथ मैं अपने आप में और अधिक सहज हो गई हूं।

### टॉलीवुड

## 'दलपति 69' का पहल पोस्टर जारी विजय की होगी आखिरी फिल्म




'दलपति 69' साउथ सुपरस्टार विजय की राजनीति में प्रवेश से पहले आखिरी फिल्म होगी। 'द गोट' की रिलीज के कुछ ही दिनों बाद विजय की अगली फिल्म पर एक अपडेट आया है। इस फिल्म का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस करने जा रहा है। बीते दिन प्रोडक्शन हाउस ने आधिकारिक तौर पर एक भावुक वीडियो जारी करते हुए 'दलपति 69' के बारे में जानकारी दी थी। वहीं, अब केवीएन प्रोडक्शंस ने आधिकारिक तौर पर फिल्म का एलान कर दिया है। साथ ही उन्होंने 'दलपति 69' का पहला पोस्टर भी जारी किया। केवीएन प्रोडक्शंस ने फिल्म की घोषणा करते हुए इसका पहला पोस्टर जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के बारे में दिलचस्प जानकरियां भी साझा कीं। वहीं, उन्होंने 'दलपति 69' की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। निर्माताओं द्वारा जारी किए गए पोस्टर में विजय के हाथों को दिखाया गया है और उनके साथ में जल्दी हुई एक मशाल दिख रही है। पोस्टर पर लिखा है कि लोकतंत्र के मशाल वाहक जल्द आ रहे हैं।ॉ यह फिल्म अगले साल यानी अक्तूबर, 2025 में रिलीज होगी। पोस्टर से लग रहा है कि फिल्म की कहानी सोशल ड्रामा थ्रिलर फिल्म होगी। इससे पहले निर्माताओं ने एक भावनात्मक वीडियो जारी किया था, जिसमें विजय की इंडस्ट्री में 30 साल की यात्रा दिखाई गई थी। तीस साल से ज्यादा समय से तमिल फैंस के दिलों में राज करने वाले अभिनेता विजय इस फिल्म के जरिए सिनेमा को अलविदा कहने जा रहे हैं। निर्माताओं ने यह भी बताया है कि इस फिल्म का निर्देशन एच विनोत करेंगे। फिल्म में सुपरस्टार विजय मुख्य भूमिका निभाएंगे, लेकिन अब अन्य कलाकारों का खुलासा नहीं किया गया है। फिल्म के लिए संगीत अनिरुद्ध रविचंदर बनाएंगे।

### भोजपुरी

## पूनम ने शेयर किया जिम का वीडियो, फैंस ने दिए रिएक्शन



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस पूनम दुबे अपनी कातिल अदाओं से सबको अपना दीवाना बना लेती हैं। हसीन दिखने के लिए वो खुद पर खूब मेहनत भी करती हैं। वो जिम में खूब पसीना बहाती हैं। इसकी झलक उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर दिखाई। वो बैक (पीठ) की एक्सरसाइज करती दिख रही हैं। फैंस भी उनके पोस्ट पर कॉमेंट कर रहे हैं और कह रहे हैं कि आजकल पीठ को मजबूत रखना जरूरी है, क्योंकि लोग पीठ पीछे ही वार करते हैं! इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए पूनम दुबे लिखती हैं, 'व्यायाम मेरे शरीर की जरूरत नहीं, मेरी आत्मा का सुकून है।' बैकग्राउंड में फेमस सिंगर एपी ढिल्लों का गाना बज रहा है। पूनम के इस पोस्ट पर फैंस अलग-अलग तरह के कॉमेंट्स कर रहे हैं। एक ने लिखा, 'गुड जॉब पीठ हमेशा मजबूत रखें। आजकल लोग पीठ पर ही वार करते हैं।' दूसरे ने लिखा, 'बैक मारना बहुत जरूरी है, क्योंकि लोग पीठ पीछे बहुत बोलते हैं। 'वर्कफ्रंट की बात करें तो पूनम की फिल्म 'कल्लू की दुल्हनियां' का वर्ल्ड प्रीमियर यूट्यूब पर होगा। 6 सितंबर को सुबह 9 बजे आप ये फिल्म फ्री में देख सकेंगे। इसका निर्देशन चंदन उपाध्याय ने किया है।

यूपी के इलाहाबाद (अब प्रयागराज) की रहने वाली पूनम का जन्म 8 फरवरी 1990 को हुआ।

### बदलता ट्रेंड

### लाइफ स्टाइल



लैक्मे फैशन वीक में स्थापित और स्वतंत्र दोनों तरह के डिज़ाइनर अपनी भागीदारी देते रहे हैं। पिछले दिनों इन डिजाइनरों ने आम ट्रेंड से हटकर भव्य कथाओं के साथ प्रयोग किया। चमकीले रंग टोन और शानदार बनावट के माध्यम से दोहराए गए संग्रह ने मॉडल को एक और जश्न का मौका दिया। यहां सत्य पॉल का नवीनतम संग्रह, 'द मास्टर्स वर्ड्स', इस बदलाव का प्रतीक था।

## हेयर सीरम लगाने का सही तरीका जानें, निखरेंगे बाल



बालों के झड़ने, टूटने और हेयर फॉल से काफी पुरुष परेशान हैं। एनसीबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, पूरी दुनिया के 50 फीसदी से ज्यादा पुरुषों को डैंड्रफ की समस्या है। वहीं ओमिक्स इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में करीब 19 करोड़ लोग डैंड्रफ की समस्या से परेशान हैं। बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए नियमित हेयर केयर रूटीन के अलावा कुछ प्रोडक्ट के सपोर्ट की जरूरत भी पड़ती है जैसे, हेयर सीरम। हेयर सीरम बालों की समस्याओं से काफी हद तक आपको बचाने में मदद कर सकता है।

हेयर सीरम को बालों पर उन्हें धोने के बाद लगाया जाता है। इसे किसी भी स्टाइलिंग प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से पहले लगाया जाता है। लोगों में एक गलतफहमी ये भी है कि हेयर सीरम असल में बालों को स्टाइल करने वाला प्रोडक्ट है। जबकि वास्तविकता में, सीरम हेयर केयर रूटीन में इस्तेमाल होने वाले दो अन्य प्रोडक्ट यानी कि शैंपू और कंडीशनर से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसलिए ये मानना बंद कर दीजिए कि हेयर सीरम कोई स्टाइलिंग प्रोडक्ट है।

इन दिनों ज्यादातर पुरुषों को हेयर केयर में जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है।मार्केट में मिलने वाले ज्यादातर हेयर सीरम बालों की विभिन्न समस्याओं पर ही फोकस करते हैं। इन समस्याओं में शामिल है, बालों का ड्राई होना बालों का उलझना बालों का पतला होना बालों का चिपचिपा होना आदि।

इसलिए आपको प्रोटीन बेस्ड ऐसे हेयर सीरम को खरीदना चाहिए। जो इन सारी समस्याओं से आपको एक साथ बचा सके। इसके अलावा हर हेयर टाइप और बालों की सारी समस्याओं को एक साथ दूर कर सके।

## सिंपल शिफॉन साड़ी को प्री-ड्रेप में बदलें और पाएं एलिगेंट लुक



फैशन

शिफॉन साड़ी भारतीय फैशन में एक क्लासिक और एलीगेंट साड़ी मानी गई है, जो हर खास अवसर पर पहनने के लिए उपयुक्त है। इसकी हल्की, पारदर्शी और शानदार बनावट इसे बहुत आकर्षक बनाती है। हालांकि, कई बार हम सिंपल शिफॉन साड़ी को लेकर यह सोचते हैं कि इसे पहनना और स्टाइल करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है, विशेष रूप से यदि हम एक प्री-ड्रेप लुक की तलाश में हैं। यदि आप भी अपनी शिफॉन साड़ी को एक नए और खूबसूरत अंदाज में पहनना चाहती हैं, तो यहां कुछ सरल और प्रभावशाली तरीके दिए गए हैं, जो आपकी साड़ी को प्री-ड्रेप लुक में बदल सकते हैं और आपको एक एलिगेंट और स्टाइलिश लुक प्रदान कर सकते हैं।




### प्री-ड्रेप साड़ी का चयन

प्री-ड्रेप साड़ी का मुख्य लाभ यह है कि यह पहनने में बहुत ही आसान होती है और इसे तैयार करने में कोई भी झंझट नहीं होता। आपको साड़ी पहनने के लिए बहुत अधिक प्रयास नहीं करना पड़ता, क्योंकि यह पहले से ही एक स्टाइलिश और तैयार लुक में होती है। बाजार में कई प्रकार की प्री-ड्रेप साड़ियां उपलब्ध हैं, जैसे कि एम्बेलिश्ड साड़ी, प्लेन शिफॉन साड़ी, और कई अन्य डिज़ाइन। अगर आपके पास पहले से कोई शिफॉन साड़ी मौजूद है और उसमें कुछ बदलाव करके उसे प्री-ड्रेप में कंवर्ट करना चाहती हैं, तो आपको उसकी शिफ्टिंग पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी, ताकि इसका सौंदर्य और क्लासिक लुक पूरी तरह से बर्बाद न हो।

### सही साड़ी डिजाइन का चयन

सही शिफॉन साड़ी का चयन करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। शिफॉन में कई वेराइटी आती है। अगर आप बहुत ज्यादा सस्ती और हल्के कपड़े वाली साड़ी का प्री-ड्रेप में कंवर्ट करना चाह रही हैं, तो ऐसा न करें। इससे आपकी साड़ी बर्बाद होगी और प्री-ड्रेप में मजा भी नहीं आएगा। यदि आपकी साड़ी हल्की और पतली है, तो सुनिश्चित करें कि इसके प्री-ड्रेप डिजाइन में कुछ शानदार एम्बेलिशमेंट या लेस की डिटेलिंग हो, जिससे यह अधिक आकर्षक लगे। एक साधारण शिफॉन साड़ी को प्री-ड्रेप लुक में बदलने के लिए आप इसमें कुछ अतिरिक्त एम्बेलिशमेंट जोड़ सकते हैं, जैसे कि चमकदार पत्तियां, बीड्स या स्टोन वर्क।

## होंठों को स्क्रब करने के फायदे ही नहीं नुकसान भी



सुर्ख गुलाबी गाल आपने सुना होगा, लेकिन क्या सुर्ख गुलाबी होंठों के बारे में सुना है। बहुत ही कम लोग होते हैं, जिनके होंठ गुलाबी होते हैं। अधिकांश महिलाएं चाहती हैं कि उनके होंठ भी खूबसूरत, स्मूथ और गुलाब नजर आएं। होंठों को हाइड्रेट रखने के लिए हम लिप बाम या पेट्रोलियम जेली जैसी चीजों का इस्तेमाल करते हैं।

लिप स्क्रब यूवी किरणों से होंठों को बचाकर उन्हें टैनिंग या अनइवन होने से बचाता है। हालांकि, सवाल है कि क्या वाकई लिप स्क्रब करना सही है? इसके फायदे आपको पता हैं, लेकिन इससे होने वाले नुकसान के बारे में क्या आप जानती हैं?

हेयर, स्किन और नेल केयर एक्सपर्ट डॉ. मानसी शिरोलिकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसके फायदे और नुकसान दोनों बताए हैं। वह बताती हैं कि लिप स्क्रब अच्छे होते हैं या नहीं ये निर्भर करता है कि आपका स्किन टाइप क्या है, आपकी लिप कंडीशन कैसी है और आप कितनी जल्दी-जल्दी लिप स्क्रब अप्लाई करते हैं।

यह बॉडी स्क्रब की तरह ही है। यह रूखे और चैप्ड लिप्स के लिए ही अच्छा नहीं है, बल्कि आपके स्किन केयर रूटीन का एक जरूरी हिस्सा है। अगर आपके होंठ काले हो रहे हैं, तो एक अच्छा लिप स्क्रब डेड स्किन सेल्स को हटा सकता है। इतना ही नहीं, यह काले धब्बों को हटाने में मदद करता है और आपके होंठों को नरम और मुलायम बनाने में मदद करता है। लिप स्क्रब आमतौर पर चीनी, कॉफी या नमक से बनाया जाता है, जो आपके होंठों की डेड स्किन को हटाने में मदद करता है।

## 40 की उम्र के बाद भी चाहिए ग्लोइंग स्किन तो ऐसे रखें त्वचा का ख्याल



हर कोई चाहता है कि बढ़ती उम्र में उनकी त्वचा दमकती रहे, लेकिन 40 की उम्र आते-आते शरीर में कई तरह के बदलाव सामने आते हैं। यह बदलाव व्यक्ति की जीवनशैली और आहार जैसे कई कारकों पर निर्भर करते हैं। ये बदलाव त्वचा के अंदरूनी स्वास्थ्य, सूर्य की तेज किरणें, बाहरी त्वचा से संबंधित हो सकते हैं। त्वचा के इन बदलावों को कुछ तरीकों से रोका जा सकता है। जैसे कि सूर्य की हानिकारक किरणों से बचाव करके, सही आहार खाकर और त्वचा की देखभाल के उपायों का अनुसरण करके।

कई बार इन बदलावों में आपके डर्मेटोलॉजिस्ट से सलाह लेना भी सही हो सकता है। यदि आप त्वचा की देखभाल में रुचि रखते हैं और त्वचा के बदलाव को कंट्रोल करना चाहते हैं तो ये लेख आपके लिए है। दरअसल आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनको अपनाकर आप दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### सूरज की किरणों से करें बचाव

सूर्य के हानिकारक अल्ट्रावायलेट रेडिएशन से बचने के लिए हमेशा **SPF** सनस्क्रीन लगाएं। खासकर अगर आप घर से बाहर निकल रहे हैं तो सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। यह त्वचा को सूरज के हानिकारक प्रभावों से बचाने में मदद करेगा।

### त्वचा को रोज करें मॉइश्चराइज

एक उम्र के बाद त्वचा में रुखापन दिखने लगता है। ऐसे में हर रोज त्वचा को मॉइश्चराइज जरूर करें। मॉइश्चराइजर खरीदते वक्त अपनी स्किन टाइप और मॉइश्चराइजर की क्वालिटी का ध्यान अवश्य रखें।

### कार्नर न्यूज

### स्टाइल के मामले में खुलकर करें बात, लोग करेंगे तारीफ

*वैसे तो कहा जाता है कि लड़कियां शर्माती हैं, मगर फैशन-स्टाइल के मामले में हम भी कम नहीं हैं। यह सच है कि लड़कों को कुछ बातों को लेकर झिझक और शर्म आती है। इस वजह से वह अपना आत्मविश्वास खोते हैं। जबकि हमें उन बातों को लेकर शर्म करने की आवश्यकता नहीं है। इस तरह की चीजों का सामना अधिकतर लड़के या पुरुष करते हैं। उनको फैशन-स्टाइल की कुछ बातों को लेकर शर्म महसूस होती है। वहीं जो लोग इससे आगे निकल जाते हैं उनको किसी तरह की दिक्कत नहीं होती। इसलिए हम चाहते हैं कि आप भी उन बातों को छोड़कर आगे निकलें।*

## लड़के अपने फैशन की इन बातों को लेकर कभी भी न शर्माएं, रखें भरपूर कान्फिडेंस



### पुराने कपड़े पहनने में

पुराने कपड़े पहनने को लेकर कई लड़के शर्म करते हैं। जबकि इसमें शर्माने वाली कोई बात नहीं है। अगर आप हर माह या हर सीजन के लिए नए ड्रेस खरीदने में सक्षम हैं तो कोई बात नहीं। मगर ये हर किसी के लिए संभव नहीं है। इसलिए अगर आपके पास पुराने ड्रेस हैं तो पहनने में शर्माए नहीं। कई बार जैसे कपड़े धुले न हो, आयरन किए न हों, सूख न पाए हों तो ऐसे में पुराने कपड़े को पहनकर हम बाहर निकलने से हिचकिचाते हैं। जबकि, उनको पहनने में शर्म महसूस करने की जरूरत नहीं। हम तो ये कहेंगे कि आप उन कपड़ों को भी अच्छी तरह कैरी कर के जाएं। आपके आत्मविश्वास के आगे लोगों की नजर कपड़े पर अधिक देर तक टिक नहीं पाएगी।



### न्यू लुक ट्राय करने में

नया भला किसे पसंद नहीं है। नए ड्रेस से लेकर बाइक, लैपटॉप, मोबाइल सब कुछ न्यू पसंद है। लेकिन न्यू लुक ट्राय करने के मामले में लड़के पीछे रह जाते हैं। जबकि वहीं पर लड़कियां हमेशा नए लुक के साथ आगे निकल जाती हैं। हमें ऐसी कई बातें लड़कियों के फैशन से सीखनी चाहिए। अगर नया लुक या नए स्टाइल की ड्रेस आ रही है तो उसको एक बार ट्राय करना चाहिए। इससे आप खुद को फैशन के मामले में आगे रख सकते हैं। खासकर अगर आप फैशन या ग्लैमरस दुनिया में करियर बनाने की सोच रहे हैं तो ऐसा जरूर करें। जैसे- हम हमेशा से एक ही प्रकार की स्लीव वाली शर्ट पहनते आ रहे हैं। मगर अब कुछ नई स्टाइल की स्लीव वाली शर्ट आई हैं। अगर आप उस तरह की शर्ट को भी चाहें तो ट्राय करें। इस तरह की फैशन भी आपको पहचान दिलाने में मदद कर सकती है।